चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 195, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 10 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी का गठन

### 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की शुक्रवार को घोषणा की

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** ने मुस्लिम समुदाय की संपत्ति से जुड़े वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बताया कि समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और 10 सदस्य राज्यसभा के होंगे। रिजिजू ने इस संबंध में लोकसभा से 21 नामों को समिति के लिए प्रस्तावित किया। समिति में लोकसभा से जगदंबिका पाल, डॉ. निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, डॉ. संजय जयसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके अरुणा (सभी भाजपा), गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद (सभी कांग्रेस), मोहिबुल्ला (सपा), कल्याण बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), ए राजा (द्रमुक), लावु श्री कृष्ण देवरायलू (टीडीपी), दिलेश्वर कामैत (राजद), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे (एनसीपी-एसपी), नरेश गणपत म्हस्के (शिवसेना), अरुण भारती (एलजेपी-राम विलास) और असदुद्दीन औवेसी (एआईएमआईएम) शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे। रिजिजू ने कहा कि यह समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन रिपोर्ट करेगी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा में गुरुवार को रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पेश किया था। साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए ह्यमुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024 भी पेश किया था। नए विधेयक का नाम एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। अंग्रेजी में नाम यूनिफाइड वर्क मैनेजमेंट एंपावरमेंट एफिशिएंट एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) है।



### संविधान का अनादर है, आप अपने दायित्वों से विमुख हो रहे हैं: सभापति

इस नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, खरगे आप संविधान की कीमत पर अपनी बात मनवाने पर आमादा हैं, आप ऐसा कर रहे हैं। यह मयार्दा का अभाव है, लोकतंत्र का अनादर है, संविधान का अनादर है, आप अपने दायित्वों से विमुख हो रहे हैं, आप अपने कर्तव्य से विमुख हो रहे हैं, वे भाग नहीं लेना चाहते, वे केवल अराजकता पैदा करना जानते हैं, मैं हैरान हूं, बिल्कुल, राष्ट्र प्राथमिकता है, राष्ट्र हमेशा पहले है।



**जया बच्चन और सभापति के बीच तीखी नोकझोंक**

बता दें कि उच्च सदन में आज सभापति जगदीप धनखड़ की अभिनेता-राजनेता और सपा सदस्य जया बच्चन के साथ भी तीखी नोकझोंक हुई, जिन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सभापति के स्वर पर आपत्ति जताई थी। राज्य सभा सदस्य जया बच्चन और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के बीच शुक्रवार को एक बार फिर वाद-विवाद का मामला समाने आया। सांसद ने उनपर उनका अपमान करने और उनसे "अस्वीकार्य" लहजे में बात करने का आरोप लगाया । अपना समर्थन देते हुए, विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा सभापति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सदन से बाहर चले गए। जे पी नड्डा ने कहा कि जिस तरह का व्यवहार विपक्ष द्वारा किया गया है, वह बहुत ही अशोभनीय और गैर-जिम्मेदाराना है।

## 'संविधान की कीमत पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं खरगे'



**नई दिल्ली**

**राज्यसभा में** सभापति जगदीप धनखड़ विपक्षी सदस्यों के व्यवहार से काफी आहत दिखे। उन्होंने विपक्षी नेताओं के व्यवहार पर कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे संविधान की कीमत पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। वहीं आज दोपहर में निर्धारित समय से पहले ही स्थगित किए गए उच्च सदन में दिन भर नारेबाजी और तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्षी सदस्यों ने पिछले हफ्ते खरगे का कथित तौर पर अपमान करने के लिए भाजपा सांसद घनश्याम तिवारी से माफी मांगने की मांग की थी, जिसे सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया।

**खरगे और घनश्याम तिवारी के बीच सुलझा था मामला**

वहीं कांग्रेस सदस्य जयराम रमेश की तरफ से यह मामला उठाए जाने के बाद उच्च सदन में हंगामा हुआ कि घनश्याम तिवारी ने खरगे से अपने 'परिवारवाद' वाले बयान के लिए माफी मांगी है, लेकिन सभापति ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला उनके कक्ष में खरगे और घनश्याम तिवारी के बीच हुई बैठक में पहले ही सुलझ चुका है और भाजपा सदस्य ने वास्तव में विपक्ष के नेता की प्रशंसा की थी। इसके बाद भी विपक्ष की अपनी मांगों पर अड़े रहने के बीच सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पूरा देश सभापति के साथ खड़ा है और उनके व्यवहार को अत्यंत अशोभनीय और गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए कहा कि वे राजनीति में

इतने नीचे गिर गए हैं कि एक पार्टी का विरोध करते हुए, एक व्यक्ति का विरोध करते हुए, अब वे देश का विरोध कर रहे हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ अपनी बेटी की शादी से जुड़े मामले में आपराधिक कार्रवाई नहीं होगी। खुद को संघमित्रा का पति बताने वाले दीपक कुमार स्वर्णकार की ओर दायर याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ स्वामी प्रसाद मौर्य ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। संघमित्रा मौर्य से जुड़े वैवाहिक विवाद में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया था ये आदेश**

जस्टिस एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ यूपी सरकार को नोटिस भी जारी किया। दीपक की ओर दायर याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

**क्या है पूरा मामला?**

इससे पहले विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को एक युवक के शोषण व धमकी देने के मामले में फरार घोषित किया था। साथ ही गैर जमानती वारंट जारी किया था। दीपक ने आरोप लगाया था कि उन्होंने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी की थी। बाद में संघमित्रा का मई, 2021 में तलाक हुआ था। जब वादी ने 2021 में विवाह करने के लिए कहा तो आरोपित स्वामी प्रसाद ने उन पर जानलेवा हमला कराया।

## उपराज्यपाल ने श्री अमरनाथजी छड़ी मुबारक का पूजन किया

**जम्मू**

श्रावण शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने महादेव गिर दशनामी अखाड़ा, श्रीनगर में छड़ी मुबारक श्री अमरनाथजी के महंत श्री दीपेंद्र गिरि की उपस्थिति में श्री अमरनाथजी छड़ी मुबारक का पूजन किया। उपराज्यपाल ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और सभी की शांति, प्रगति और कल्याण के लिए प्रार्थना की। छड़ी-पूजन श्री अमरनाथजी तीर्थ की वार्षिक तीर्थयात्रा के समापन से पहले एक शुभ अनुष्ठान है।



संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एससी/एसटी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

## मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, जमानत, पासपोर्ट जमा करने का आदेश

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी । जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने सिसोदिया को निर्देश दिया कि वो हर सोमवार को जांच अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 6 अगस्त को जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि वह उन दस्तावेजों की प्रतियां मांग रहे हैं जिन पर अभियोजन पक्ष ने भरोसा नहीं किया है। वे आरोप तय करने के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। इसकी वजह से इससे देरी हो रही है। जस्टिस केवी विश्वनाथ ने राजू से पूछा था कि क्या आपने उन दस्तावेजों को देने के लिए दिए गए आदेश को चुनौती दी है। कोर्ट ने पूछा था कि दस्तावेजों के निरीक्षण का समय क्या है। तब राजू ने कहा था कि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निरीक्षण किया जा सकता है।



उन्होंने कहा था कि हमने उन आदेशों को भी चुनौती दी है जो हाई कोर्ट में लंबित हैं। कुछ दस्तावेजों की रिहाई पर रोक भी लगी है। इसलिए देरी पूरी तरह से याचिकाकर्ता के कारण हुई है। इसलिए उनके कारण हुई देरी का लाभ लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## खतरे में नहीं डाल सकते लाखों छात्रों का करियर: सुप्रीम कोर्ट



### नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि पांच छात्रों के लिए दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाला जा सकता है।

**हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं: पीठ**

वहीं, इस मामले पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। श्री संजय हेगड़े, आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं। यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं।

**याचिका में क्या कहा गया था?**

मालूम हो कि याचिका में दावा किया गया था कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसमें कहा गया कि परीक्षा संबंधी शहर 31 जुलाई को आवंटित किए गए थे और विशिष्ट केंद्र आठ अगस्त को घोषित किए जाएंगे।

मालूम हो कि यह परीक्षा पहले 23 जून को आयोजित होनी थी। कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे 'एहतियाती उपाय' के रूप में स्थगित कर दिया था।

## हिजाब पर प्रतिबंध तो तिलक-बिंदी पर क्यों नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को मुंबई के एक कॉलेज के उस परिपत्र पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसमें कॉलेज परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर पाबंदी लगाई गई है। न्यायालय ने इसके साथ ही यह भी कहा कि छात्राओं को यह चयन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या पहनें।

**कोर्ट ने चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी को किया तलब**

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थान छात्राओं पर अपनी पसंद को नहीं थोप सकते।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने ह्यएन जी आचार्य और डी के मराठे कॉलेज चलाने वाली चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइट को नोटिस जारी किया और 18 नवंबर तक उसे जवाब तलब किया है। पीठ ने मुस्लिम छात्रों के लिए ड्रेस कोड को लेकर उत्पन्न नये विवाद के केंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा, छात्राओं को यह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्या पहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं। पीठ ने कहा कि अगर कॉलेज का इरादा छात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोक लगाना था, तो उसने ह्यतिलकह्ण और बिंदी पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया।

**क्लास के अंदर बुर्का पहनने की इजाजत नहीं: कोर्ट**

न्यायालय ने एजुकेशनल सोसायटी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील माधवी दीवान से पूछा कि क्या छात्रों के नाम से उनकी धार्मिक पहचान उजागर नहीं होती? पीठ ने कहा कि छात्राओं को कक्षा के अंदर बुर्का पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती और न ही परिसर में किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति दी जा सकती है।

## गाजा पर बड़ी-बड़ी बातें लेकिन हिन्दूओं पर नहीं: सांसद अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**

लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है।

भाजपा नेता ने शून्य काल के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता लोकसभा राहुल गांधी और राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में नई सरकार के नेता को बधाई दी लेकिन वे हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर विपक्षी दलों सहित सभी दल चिंतित हैं। प्रधानमंत्री ने भी अंतरिम सरकार के नेता को शुभकामनायें दी लेकिन साथ ही उन्होंने हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। दुर्भाग्य की बात है कि नेता प्रतिपक्ष ने इसे नहीं उठाया। उन्होंने पूछा कि आखिर क्या मजबूरी रही है। गाजा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले इस मुद्दे पर चुप्प हैं।

## उपराष्ट्रपति के खिलाफ राज्यसभा सांसद जया बच्चन के आरोपों पर नड्डा ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा सांसद जया बच्चन के आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आज की घटना बेहद निंदनीय है और एक तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में विपक्ष के व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यसभा से घटनाओं की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का व्यवहार बेहद असंसदीय, अनुशासनहीन और असम्मानजनक रहा है। विपक्ष मुद्दा विहीन है और अमर्यादित आचरण उनकी आदत बन गयी है। दरअसल, राज्य सभा सदस्य जया बच्चन और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के बीच शुक्रवार को एक बार फिर



वाद-विवाद का मामला समाने आया। सांसद ने उनपर उनका अपमान करने और उनसे "अस्वीकार्य" लहजे में बात करने का आरोप लगाया । अपना समर्थन देते हुए, विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा सभापति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सदन से बाहर चले गए। जे पी नड्डा ने कहा कि जिस तरह का व्यवहार विपक्ष द्वारा किया गया है, वह बहुत ही अशोभनीय और गैर-जिम्मेदाराना है। ये स्पष्ट है कि वह राजनीति के इतने निम्न स्तर पर आ गए हैं कि वो पार्टी और व्यक्ति का विरोध करते-करते अब देश का विरोध करने लगे हैं। वो विघटनकारी शक्तियां जो देश को खंडित करना चाहती हैं, उनके साथ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप में विपक्ष को देखकर ये संशय होने लगा है कि क्या इन राष्ट्रीय और प्रादेशिक पार्टियों का एजेंडा देश को कमजोर करने का बन गया है। आज अपने व्यवहार के लिए विपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जया बच्चन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि वह स्कूली शिक्षा नहीं चाहते हैं और वह किसी स्क्रिप्ट पर नहीं चलते हैं । उनकी अपनी स्क्रिप्ट है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। जैसे ही विपक्षी सांसद बाहर चले गए, सभापति ने भारत छोड़ो आंदोलन की सालगिरह का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष सदन छोड़ने को अपना कर्तव्य मानते हैं।

## प्रदेश के सबसे कम आयु के साई ब्रदर्स का अनोखा कारनामा

**प्रयागराज के साँई बंधुओ ने तैयार किया हर घर तिरंगा सजे गीत, एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने किया गीत का विमोचन, 13 साल के आशित और 7 साल के आरव ने तैयार किया हर घर तिरंगा गीत..**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी हर घर तिरंगा सजे अभियान की शुरूआत हो गई है । इसी क्रम में प्रयागराज के दो नन्हे मुन्हे बच्चों ने देशभक्तों व देश के लिए बलिदान हुए सभी वीर सैनिकों के सम्मान में समर्पित देश भक्ति गीत तैयार किया है। इस गीत का विमोचन आज उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने किया । इतने कम आयु के बच्चो द्वारा बनाया गया गीत को सुनकर सीपीआरओ साहब खुद हैरान रह गए । आपको बता दे इस देश भक्ति गीत में सभी नागरिकों से अपील कि गई हैं की स्वतंत्रता दिवस का पर्व को बड़ी धूमधाम से मानना है और हर घर पर तिरंगा फहराना है। यह गीत सभी देशभक्तों के दिल में देशभक्ति की भावनाओं को और भी जागृत करेगा। यह बच्चे पहले से ही कई बड़े मंचों पर प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। लेकिन इस बार बच्चों ने जो देशभक्ति गीत तैयार किया है वह दिल को छू जाने वाला है। संगमनगरी के मशहूर बाल कलाकार साईं ब्रदर्स ने खुद ही इस देशभक्ति गीत को लिखा है



और उसके बोल को संगीत के माध्यम से तैयार किया है। इस देशभक्ति गीत के माध्यम से हर घर तिरंगा फराने की अपील की गई है। इसके पूर्व में भी साई ब्रदर्स ने कई गीत बनाये है जिसमें प्रमुख विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 , यातायात नियम जागरूकता गीत, गीत के लिए प्रयागराज के डीएम के अलावा सांसद और कई मंत्रियों ने सम्मान प्रदान किया है । महिलाओं के सुरक्षा पर बनाया गया जागरूकता गीत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा विमोचन और गीत को बहुत ही सराहा गया। छोटी सी उम्र में बड़े हुनर रखने वाले अशित को देश के अलग अलग जिलों मे विशेष सम्मान मिला हुआ है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में आयोजित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में अशित ने प्रथम स्थान हासिल किया जिसमें पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अशित को सम्मानित किया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी के साथ-साथ कई राजनेता और आईएएस आईपीएस सम्मानित कर चुके हैं इसके साथ ही अशित को कला संस्कृति सम्मान , प्रयागराज का बाल श्री सम्मान हरिहर गंगा रत्न सम्मान जैसे कई बड़े सम्मान समारोह में सम्मानित हो चुके हैं अशित लोकगीत और भजन गायक तो है ही इसके साथ ही साथ गिटार मंडोलियन और सिंथसाइजर में महारथ हासिल है । अशित के इस हुनर की बानगी उसके छोटे भाई आरव में भी दिखाई देती है जिसकी उम्र 6 साल है । अब अशित के साथ-साथ उनके परिवार वालों का सपना है अशित के इस हुनर को सरकार आगे बढ़ाएं साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते है।

## सहसों में मनाया गया संविधान सुरक्षा परिषद का प्रथम स्थापना समारोह



**सहसों।** संविधान सुरक्षा परिषद का सहसों में गुरुवार को समारोह आयोजित कर प्रथम स्थापना मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत जिला जज अमेरिका सिंह ने समारोह का दीप प्रज्जवलन कर संविधान की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संविधान की प्रस्तावना प्रति को पढ़ते हुए लोगों को संबोधित किया तथा उपस्थित लोगों को संविधान की प्रति भी पढ़वाया तथा संविधान के अनुभव व्यवहार करने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम को मौजूद विशिष्ट अतिथि नारायण सिंह पटेल अध्यक्ष किसान मजदूर मंच एवं फूलचंद सिंह एक्स एजीए हाई कोर्ट इलाहाबाद, सुमित्रा सिंह एडवोकेट हाई कोर्ट इलाहाबाद, पप्पू कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य आजमगढ़ सहित आदि लोगों ने समारोह में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता प्रधान संयोजक संविधान सुरक्षा परिषद चंद्रभान जी एवं संचालन राष्ट्रीय संयोजक संविधान सुरक्षा परिषद विजय पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामसूरत पटेल, राम प्रताप पासी, पंकज पटेल, शेखर सिंह, साधू सिंह, राजेन्द्र पटेल ठाकुर, राम सजीवन, लालू गुरुजी, भानु प्रताप एवं आदर्श सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### उरुवा ब्लाक में दिव्यांग कैंप आयोजित बनाया गया प्रमाण पत्र

**मेजा।** प्रदेश सरकार दिव्यांगों के लिए उनके घर पर हर सहूलियत मुहैया करा रही है। सरकार के निर्देश पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ब्लाक स्तर पर कैम्प कर उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने से लेकर जरूरत के हिसाब से



उन्हें उपकरण मुहैया कराकर उनके जीवन को सरल और सहज बना रहा है। उरुवा ब्लाक परिसर में शुक्रवार को दिव्यांग कैम्प आयोजित कर उनका प्रमाण पत्र बनाया गया। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की जनपद में नए दिव्यांग प्रमाण पत्र विभिन्न उपकरणों के लिए चिह्नित किए गए दर्जनों लोगों का दिव्यांगता की स्थिति का आकलन कर प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। कैम्प में विभिन्न उपकरणों के लिए सूची बनाई गई है। उरुवा ब्लाक में कुल 181 रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमे दिव्यांग प्रमाण पत्र 128,ट्राई साइकिल 25, मोटराईज्ड साइकिल के 07, व्हील चेयर 02, वैशाखी 02, कान की मशीन 02, कृत्रिम पैर 02, कृत्रिम हाथ 01, व्हीलचेयर 2, यूडी आईडी 5,सहित विभिन्न उपकरणों के लिए चिन्हित कर लिया गया है। । इसमे सूचीबद्ध लोगों का हर सम्भव सहयोग किया गया। श्री पांडेय ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में कोई दिव्यांग सुविधा और सहयोग से अछूता नही रहेगा। जिसमें उरुवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुशान्तु पाण्डेय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संदीप कुमार शुक्ला,संजय यादव, एवं ब्लॉक से अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मेडिकल टीम से डा0 अजय राज पाल (आर्थो सर्जन) डा0 आलोक पाठक (नेत्र सर्जन) डा0 जय शंकर पटेल साइकोलाजिस्ट डा0 अनिरुद्ध (एनटी सर्जन) डा0 संकल्प शुक्ला (आडियोलाजिस्ट) आदि उपस्थित रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में आकांक्षा को प्रथम स्थान मिला

**नैनी।** नैनी शुक्रवार को काकोरी कार्यवाही दिवस पर हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना और इतिहास विभाग के तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें



महाविद्यालय के प्रचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इतिहास विभाग के डॉक्टर अवधेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। विभाग प्रभारी डॉ अर्चना सिंह बच्चों को काकोरी एक्शन दे कुछ बातें बतायें। विभाग की डॉ अंजना सिंह ने इस दिन पर काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम में लगभग 16 बच्चों में भाषण में प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 2 के प्रभारी डॉ रफत अनीस ने कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी। भाषण प्रतियोगिता में आकांक्षा को प्रथम, प्राची को द्वितीय एवं कृति कुमारी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ इंदु प्रकाश सिंह और डॉ अर्चना रॉय ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई' इस कार्यक्रम में डॉ मिनाक्षी, डॉ संदीप सामंत सिंह, डॉ संदीप, डॉ नीतू सिंह, डॉ सुवर्णा सरकार, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ ऋषि प्रताप सिंह, डॉ हरीश वर्मा, डॉ नूर फातिमा, डॉ. भास्कर शुक्ल, डॉ नीती सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट वन के प्रभारी डॉ रामकुमार सिंह ने किया।

### शिवमहापुराण कथा श्रवण करने से अमरत्व की प्राप्ति- मनीष शरण महाराज

**जंघई।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन माह में पंचमूर्ति सेवा समिति शनि धाम बरना, जंघई में शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। श्री शिवमहापुराण संगीतमयी अमृत कथा में आचार्य मनीष शरण महाराज



श्रीधाम अयोध्या ने दिव्य शिवपुराण कथा का वाचन किया। कहा कि भगवान शिवजी का पूजन अर्चन करने से हमारी सभी इच्छाएं और कामनाएं पूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव सभी देवों के आराध्य देव हैं। भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य को अकाल मृत्यु का भय नहीं होता शिव कथा हमारे जीवन में मंगल करने वाली है शिव ज्ञान के दाता हैं। वह सिर्फ ओम नमः शिवाय मंत्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं कहा कि भगवान शिव जब कृपा करते हैं, तब ही हम शिवत्व का अंश मात्र समझ पाते हैं। जब तक महादेव की कृपा नहीं होती, तब तक हम धर्म, भक्ति की ओर जा नहीं सकते देवादि देव की कृपा से ही हम ईश्वर की ओर जा रहे हैं बाबा भोलेनाथ की चौखट पर जाने पर ही सुख, शांति की प्राप्ति होती है कथा के समापन पर आरती प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं में किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान अनिल सिंह, सुनील सिंह, लोलाराख नाथ मिश्र, जदूराज सिंह, राजमणि सिंह, अजयपाल सिंह, मुन्ना सिंह, राजमणि यादव पूर्व प्रमुख, राजनाथ यादव, सोनू सिंह, रोशन सिंह, गोलू, शुभम, शक्ति सिंह आदि रहे।

### भारतीय युवक कांग्रेस के स्थापना दिवस पर वारी में पौधारोपण

**जंघई।** भारतीय युवक कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने पूरेरुदई, वारी गांव में हनुमान मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया?। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर अमित पांडेय, यूथ कांग्रेस प्रदेश



महासचिव आदर्श प्रजापति, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार पांडेय, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अंकुर पाडेय, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष मकसूदन पांडेय, विशाल मिश्रा, विधानसभा उपाध्यक्ष, शिवम शुक्ला, भोनू तिवारी, आनंद पांडेय सहित तमाम यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीएचसी में कृमि दिवस पर प्राथमिक व जूनियर विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाओं को दी गई ट्रेनिंग

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा की तरफ से खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय घूरपुर में कृमि दिवस के उपलक्ष्य में डॉ जमाल अहमद व डॉ रूमी एक्विल के द्वारा, प्राथमिक विद्यालय व जूनियर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को



ट्रेनिंग दी गयी और बताया गया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में मृदा-संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन प्राप्त करना है,डॉ रूमी ने बच्चों में कृमि संक्रमण कैसे होता है इसके विषय में जानकारी दी और बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण विभिन्न कारकों के कारण होता है जिनमें स्कूलों या सार्वजनिक जगहों पर व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी, कच्चा और दूषित भोजन, अधिक मिठाई और जंक फूड का सेवन करते रहना। जब बच्चों में यह कृमि संक्रमण फैलता है तो इसके कई सारे लक्षण सामने आते है, जो इस प्रकार हैं,थकान, बिना कारण वजन घटना,पेट में दर्द या कोमलता,दस्त, मतली या उल्टी गैस सूजन इत्यादि डॉ जमाल अहमद ने संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका बताया कि आप बार बार साबुन और पानी से हाथ धोते रहें। निजी स्वच्छता से जुड़ी अच्छी आदतें अपनाएं रोगी से जुड़े स्थानों को साफ रखें इत्यादि ! और वहां पर उपस्थित सभी विद्यालयों के लिये पेट में कीड़े के संक्रमण को रोकने के लिये एल्बेंडाजोल की गोली का वितरण किया गया।

## ब्लाकेश्वर मंदिर ब्लाक परिसर करछना में रुद्राभिषेक सुंदरकांड भजन कीर्तन का हुआ भव्य आयोजन



**करछना।** विकासखंड करछना परिसर में प्राचीन ब्लाकेश्वर शिव मंदिर पर शुक्रवार को नाग पंचमी के अवसर पर दिनभर सुंदरकांड रुद्राभिषेक भजन कीर्तन से गुंजायमान रहा विकासखंड के क्षेत्र से निर्वाचित ग्राम प्रधानों ब्लॉक कर्मियों क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना रुद्राभिषेक सुंदरकांड आदि भक्ति के गीतों से दिनभर भक्तिमय संगीत मय भजन कीर्तन की गूंज रही सायं काल भजन कीर्तन संध्या आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को भव्य प्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम का आयोजन प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एवं महामंत्री धीतेश तिवारी के आयोजितकी में हुआ इस मौके पर भजन कीर्तन संध्या मंडली के अलावा खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी उदयभान सिंह एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी मनीष शुक्ला नन्हे पांडे उर्फ लक्ष्मी शंकर कृष्ण देव कोटार्य महेंद्र यादव दीप्ति मिश्रा दीपेश सिंह आशीष सिंह राम सकल मनीष सिंह यादव फिरोज अहमद लाल बहादुर सोनू श्रीवास्तव, सचिन यादव, सुनील कुमार प्रधान प्रधान भुंडा, दिनेश श्रीवास्तव , संजीव श्रीवास्तव, संदीप यादव प्रधान, मिथिलेश कुमार,कमला कान्त शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि रंजन सिंह मुगारी, प्रधान ककरम सहित बड़ी संख्या में भक्त गण शामिल हुए।

## करछना के चनैनी में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

अखंड भारत संदेश

**करछना।** करछना तहसील के चनैनी में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर एक समारोह आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन किसान की मंडल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और परंपरा को दिखाते हुए एक जागरूकता रैली निकाली गई जो चनैनी से लेकर करछना बाजार तक गई। उसके बाद आदिवासी समाज के लोगों ने जनजाति अधिकार की मांग रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल राजीव चन्देल व राजेश यादव ने किया। मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता पारस कोल थे। विश्व आदिवासी समारोह में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता जय नारायन कोल गुरु जी, अवध जन कल्याण समिति की अध्यक्ष सरोज सिंह, मंडल अध्यक्ष युवा



मोर्चा राहुल सिंह, मंडल महासचिव राकेश त्रिपाठी, मंडल महासचिव युवा मोर्चा भइया जी मिश्रा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनोरमा आदिवासी, मंडल उपाध्यक्ष मीनाक्षी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मधु आदिवासी, जिला महासचिव रीना गौतम, बबिता गौतम, युवा ब्लाक अध्यक्ष अजय चौधरी, प्रभात आदिवासी, तहसील अध्यक्ष बारा प्रतीक सिंह कोयल, जिला महासचिव बिहारी लाल प्रजापति मास्टर जी, जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान रमाकांत यादव, अर्जुन यादव , राम सखा आदिवासी, ब्लाक अध्यक्ष मेजा शंकराचार्य भूर्तिया, ब्लाक उपाध्यक्ष मेजा पन्ना सिंह, सुषमा आदिवासी, तहसील उपाध्यक्ष करछना निर्मला आदिवासी, तहसील करछना अध्यक्ष मुन्नी देवी, ब्लाक अध्यक्ष ममता पटेल, अंजलि पटेल, ब्लाक उपाध्यक्ष ममता सिंह पटेल, शिव प्रसाद बुंदावां, राजकुमार गौतम बंधवा आदिवासी उपस्थित थे।

## नैनी में आधा दर्जन कावड़ियों की रास्ते में तबीयत हुई खराब, स्वरूपरानी रेफर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के डांडी बाजार में गुरुवार देर रात अचानक आधा दर्जन कांवड़ियों की तबीयत खराब हो गई। इससे बाजार में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने उनकी हालत देख 108 पर कॉल कर पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस ने सभी को इलाजा के सीएचसी चाका भेजा। जहां से उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बारा क्षेत्र के छीड़ी निवासी अर्पित 18 पुत्र सिपाही लाल, संदीप 22 पुत्र सुरेश, चंद्रशेखर 21 पुत्र कल्लू, इंद्र कुमार 22 पुत्र कलई यादव, अभिजीत 18 पुत्र नीलम और कशिश 20 पुत्र विजय निवासी हिनौता ने बारा प्रयागराज में जल भरकर कांवड़ लेकर लालापुर के मनकामेश्वर मंदिर में पैदल जलाभिषेक करने जा रहे थे। रीवा राजमार्ग पर स्थित डांडी बाजार में अचानक गिरने लगे और उनमें से दो तो अचेत हो गए। अन्य को भी उल्टियां आ रही थीं। बाजार के लोगों ने उनकी हालत देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना देकर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भिजवाया।सभी को एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### नागपंचमी पर्व : चनेथू में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जंघई।** नाग पंचमी के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दंगल दास के बगीचे में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें लंबी कूद, कबड्डी, पंजा चैंपियन खेल का आयोजन किया गया।



सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर मैच के निर्णायक समाजसेवी विनय शुक्ला ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए हार जीत एक सिक्का के दो पहलू होते हैं खेल-खेलने से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है, वहीं खिलाड़ी देश व प्रदेश में भी खेलने के लिए जा सकते है। इस अवसर पर खिलाड़ियों में डिंपल शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला, ओम ओझा, रिशू शुक्ला, गोपाल शुक्ला, अनुराग शुक्ला, रितेश शुक्ला, सूरज शुक्ला, राज शुक्ला, रोहन शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अंबुज शुक्ला मौजूद रहे।

### जलाभिषेक कर भक्तों ने की शिवजी एवं नाग देवता का पूजन अर्चन

**सहसों।** श्रावण मास के पवित्र महीने के नाग पंचमी पर क्षेत्र के शिवालय शिव भक्तों के जयकारों से गुंजायमान रहे। श्रावण मास के नाग पंचमी पर घरों एवं शिवालियों में भक्त महिलाओं ने भगवान शिव एवं नाग देवता की विधि विधान से पूजन अर्चन किया। महिलाएं घर के आंगन में साफ सफाई के साथ नाग देवता के प्रति प्याले में दूध एवं धान का लावा समर्पित कर धूप, दीप,



अक्षत, रोरी, पुष्प आदि के साथ नाग देवता की पूजा की। इसी प्रकार सहसों स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में विशाल शिवलिंग, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, टहलू का शिवालय रामनाथ पट्टी, प्राचीन शिव मंदिर सहसों बाजार एवं प्राचीन शिव मंदिर रामनगर में भोर से ही भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की स्तुति एवं वंदना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर भक्त नर नारी हर हर बम बम,ओम नमः शिवाय, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है आदि का उद्घोष करते रहे। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

### नाग पंचमी पर ग्रामीण युवाओं ने खेली पारंपरिक कबड्डी

**सहसों।** नाग पंचमी के त्योहार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ सभी सनातनी लोग नाग देवता की पूजा अर्चना का सुख समृद्धि की कामना किया। नाग पंचमी त्योहार को ग्रामीण इलाकों में



लोक परंपरा एवं रीति रिवाज के हिसाब से गुड़िया त्योहार के नाम से भी लोग मानते हैं। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन बहनें पुराने कपड़ों से गुड़िया बनाकर गांव की पोखरों एवं तालाबों के किनारे जाकर उसको फेंकते हैं और भाइयों द्वारा नीम की धनिया को रंग-बिरंगा बनाकर उसको पीटते हैं तत्पश्चात बहने कजरी गीत गाती हैं एवं इस अवसर पर गांव के युवा वर्ग बगीचे में कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर जोर आजमाइश करते हैं। सहसों, चकिया घरहरा, रामनगर, मेड़ुवा, कुसुंगुर, रामनाथ पट्टी सहित आसपास के गांव में बगीचे तथा खाली स्थान पर युवाओं एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक पारंपरिक कबड्डी खेल कर त्यौहार का जश्न मनाया।

## कस्बा चौकी प्रभारी पर छात्र को बूटों से मारने का आरोप, सीएम, डीजीपी, आयुक्त की गयी शिकायत

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा प्रभारी पर नीट की तैयारी कर रहे छात्र को बूटों से मारने से सिर में अन्दरूनी चोटें आने की लिखित शिकायत सीएम, डीजीपी, आयुक्त से की गयी है।मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कजियाना कलां निवासी डाक्टर अता उल मन्नान का कहना है कि उनका पुत्र बाकिर जिया मन्नान लखनऊ में रह कर नीट की तैयारी कर रहा है।वह अवकाश में घर आया था। डाक्टर अता उल मन्नान का आरोप है कि उनका पुत्र बाकिर जिया मन्नान मऊआइमा ईदगाह मैदान पर दोस्तों के साथ बैठ कर बातें कर रहा था। आरोपित है कि कस्बा चौकी प्रभारी लाखन सिंह ने टार्च मारा । जिसपर बाकिर जिया मन्नान ने बोला तो आरोप है कि गालियां दी गई और बूटों से मारा पीटा गया सिर में अन्दरूनी चोटें आने से जाकिर जिया मन्नान को सिर दर्द,चक्कर आना,धुंध की शिकायत हो गई है।इसकी लिखित शिकायत डाक्टर अता उल मन्नान ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, पुलिस आयुक्त से की है।

## ट्रैक्टर यात्रा लेकर ब्लाक पहुंचे किसान नेता, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**क्षेत्र में बिजली, पानी समेत कई अन्य समस्याओं से निजात दिलाने की मांग**



**बारा/शंकरगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) ने शुक्रवार को दर्जनों ट्रैक्टर्स के साथ तिरंगा यात्रा निकाली और ब्लाक शंकरगढ़ पहुंचकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर किसान नेताओं ने बीडीओ को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और निदान की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसानों ने शुक्रवार को शंकरगढ़ के रानीगंज से दर्जनों ट्रैक्टर्स के सात तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा रानीगंज से प्रारंभ होकर सेननगर चौराहा, रामभवन चौराहा होते हुए ब्लाक मुख्यालय पहुंची।यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा विकास खंड मुख्यालय पहुंचने पर धरने के रूप में तब्दील हो गई। ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने जर्जर तारका मुद्दा उठाया। कहा, शंकरगढ़ सहित जूही फीडर की लाइ जर्जर तारों की वजह से हमेशा बाधित रहती है। इसके अलावा बांघला नहर प्रखंड को रोस्टर के हिसाब से चलने, टेल तक पानी पहुंचाने, प्राथमिक विद्यालय बंधवा के लिए सड़क न होने की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इसके अलावा पीपीजीसीएल द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों में एक बार केवल सड़क आदि का निर्माण कर दिया गया। उसके बाद न तो उसकी मरम्मत हुई, न ही नालियों की सफाई हो रही हैं। इससे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बरसात के सीजन में संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। साधन सहकारी समितियां में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता, आवारा पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ग्राम पंचायत बंधवा में एक गोशाला बनवाने, ग्राम पंचायत सीध टिकट के पहाड़ी हरिजन बस्ती में क्षेत्र पंचायत द्वारा चार माह पहले करवाए गए बोर में सौर ऊर्जा नहीं लगाने की शिकायत की।

## दंगल विजेता टीम को जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय ने किया पुरस्कृत



**करछना।** विकास खंड करछना तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कबरा में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले दंगल प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों के खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कुश्ती, कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के अलग-अलग इलाकों से आए खेल दर्शकों ने खुब लुप्त उठाया और बडे धूमधाम नागपंचमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया और कुश्ती कबड्डी में भाग लेने वाली टीम फाइनल मैच ग्राम सभा तेवरिया और डीहाके बीच खेला गया बम बम भोले टीम तेवरिया प्रथम स्थान और डीहा द्वितीय स्थान रही मुख्य अतिथि विजय बाबू ने पुरस्कार वितरण किया आयोजक चंद्र प्रकाश तिवारी प्रधान प्रतिनिधि शिव प्रकाश तिवारी गोविंद तिवारी मोहित तिवारी गोपाल तिवारी शुभम चंदलोक निषाद घनश्याम प्रजापति ग्राम के कई लोग उपस्थित रहे।

### नाग पंचमी पर गावों में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताएं

**लालापुर के अखाड़ा गांव में आज भी जिंदा है अखाड़ा कुस्ती की परम्परा**

**लालापुर।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में नाग पंचमी धूम धाम से मनायी गई।जगह जगह पारंपरिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।डेराबारी में महिलाओं ने कजरी गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसमें सरोज मिश्र,पूजा मिश्र,रेनू मिश्र,ममता सिंह,माया सिंह,पुष्पा सिंह,सुमन सिंह,गीता,प्रीती,बंदना सिंह ने सहभागिता किया।उधर लालापुर के अखाड़ा गांव में कुस्ती ऊंची कूद सहित पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया।आयोजक अरुण मिश्र ने बताया की एक दर्जन पहलवानों ने अपना दम दिखाया।जिसमें अभिषेक शुक्ल प्रथम स्थान सचिन कुमार द्वितीय स्थान व अमित भारतीया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।ग्रामीणों ने सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस मौके पर रमाशंकर उर्फ. दुबरी महराज,शंकरलाल पांडेय,कप्तान शुक्ल,मिथिलेश मिश्र,मोहित मिश्र,रोहित श्रीवास्तव,दीप चंद्र शुक्ल,अमर सिंह,अमित मिश्र,रिंकू गौतम,प्रिंस शुक्ल सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

## काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शताब्दी समारोह

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** काकोरी ट्रेन एक्शन 100वीं वर्षगांठ के शताब्दी समारोह के अवसर पर शुक्रवार को अभिलेख प्रदर्शनी तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार (संस्कृति विभाग) एवं जिला प्रशासन द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारम्भ किया गया। माननीय उपमुख्यमंत्री जी द्वारा शहीद अमृत वाटिका अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया गया है। उन्होंने संस्कृति विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन में क्रांतिकारियों के योगदान को बताने वाली दुर्लभ अभिलेख प्रदर्शनी व स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लखनऊ में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। उपमुख्यमंत्री जी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन हमारे महान क्रांतिकारियों ने हमारे देश को अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त कराने के लिए काकोरी रेलवे स्टेशन पर अपने जीवन को दांव पर लगाते हुए लूटेरे अंग्रेजो के द्वारा ट्रेन में ले जा रहे खजाने को लूट लिया था, जिससे आजादी के आंदोलन को बल मिला था, मैं ऐसे वीर बलिदानियों व महापुरूषों को आज के दिन याद करते हुए उन्हें नमन करता हूं व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज उसी के उपलक्ष्य में हम सब लोग पूरे प्रदेश में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का हिस्सा बन रहे है। उपमुख्यमंत्री जी ने स्वरूपरानी मेडिकल कालेज परिसर में विधायक निधि से 10 लाख रुपए से शहीद रोशन सिंह की प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण एवं अन्य कार्यों हेतु प्रशासन के द्वारा प्रस्ताव बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि और धनराशि की आवश्यकता होगी, तो उसकी व्यवस्था भी की जायेगी। उपमुख्यमंत्री जी ने मण्डलायुक्त से माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में उनकी प्रतिमा के बगल में कार्यक्रम स्थल पर संगोष्ठी, प्रदर्शनी व अन्य आयोजनों हेतु स्थायी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा हैं। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से हम काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहे है और वर्ष पर्यन्त 09 अगस्त, 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इस ट्रेन एक्शन की घटना, गतिविधियों एवं उस समय की परिस्थितियों से आमजनमानस को अवगत कराने व जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा फहराया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्वप्न को साकार करना व आजादी के कार्यक्रमों का आयोजन सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, अपितु यह हम सब 140 करोड़ देशवासियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि राष्ट्रीय पर्व एवं राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले की स्मृति में यदि कोई कार्यक्रम हो, तो हम भारतवासी एकजुट होकर उसमें सम्मिलित हो। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर व विश्व की महाशक्ति बनाने का कार्यक्रम चल रहा है, हम सब का यही लक्ष्य है और हम अपने इस लक्ष्य से विचलित नहीं होते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती केसरी देवी पटेल पूर्व सांसद, माननीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, डॉ बी.के. सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, राजेंद्र मिश्र महानगर अध्यक्ष प्रयागराज बीजेपी, अश्विनी पटेल कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, डा0 अंगद पटेल भाजपा, कविता पटेल अध्यक्ष गंगापार भाजपा, विनोद प्रजापति अध्यक्ष जमुनापार भाजपा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त तरूण गाबा, अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची, प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, भोलानाथ कनौजिया जिला विकास अधिकारी, अशोक कुमार मौर्य जिला परियोजना अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### चोरी की 6 बाइकों के साथ अभियुक्त पकड़ाया



**प्रयागराज।** प्रयागराज के सरायममरेज थाने की पुलिस ने एक ऐसे शातिर को गिरफ्तार किया जो बाइक चोरी का मास्टर है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोर की 6 बाइकों को बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त विकास उर्फ मोनू यादव पुत्र हरिशंकर यादव सरायममरेज के बीबीपुर गांव का रहने वाला है।डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया कि विकास शातिर वाहन चोर है। वह अकेले ही वारदात अंजाम देता था। बाइक को नकली चाबी से खोल लेना या फिर लॉक तोड़ देना उसके लिए मामूली बात है। बाइक को अलग अलग छिपा देता था। फिर जाली पेपर बनवाने के बाद देहात से शहर, गांवों में संपर्क कर बेच देता था। चोरी के बाद कई महीना इंतजार करता था। फिर जाली पेपर के जरिये मैकेनिकों से बात कर बाइक बेच देता था। विकास को सरायममरेज थाना प्रभारी और उनकी टीम ने अमृत सरोवर तालाब के पास अरेस्ट किया है।

### मऊआइमा में निकली विशाल कांवर यात्रा किया गया जलाभिषेक




**मऊआइमा।** बजरंग दल के नेतृत्व में बंकेश्वर नाथ धाम के कांवरियों द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें बडी संख्या में बजरंग दल एंव राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के कार्यकर्ता पैदल और मोटरसाइकिल से कटरा दयाराम बागी , चौहान का पूरा से होते हुए बंकेश्वर नाथ धाम पर जलाभिषेक किया । कार्यक्रम के व्यवस्थापक पूर्व ब्लॉक प्रमुख मऊआइमा एंव योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मौर्य ने प्रशासन के सभी सदस्य, कांवरियों समेत अन्य आगंतुकों का धन्यवाद दिए ।। जिला धर्म जागरण प्रमुख दिनेश कुमार मौर्य ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किए। इस मौके पर सम्राट अमन मौर्य, ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल, ग्राम प्रधान तीरथ यादव, चेयर मैन शोएब अंसारी,प्रमोद यादव, रोहित पटेल , प्रमोद यादव,राकेश कुमार मौर्य, आंसु आशीष,सोनू मौर्य, आदर्श केसरवानी, आशीष मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, आकाश कुमार , सुशील केसरवानी, अशोक केसरवानी आदि मौजूद थे।

# गंगा की रफ्तार थमी पर निचली इलाकों में बाढ़ का खतरा अभी भी बरकरार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी थमने व यमुना का जलस्तर कम होने से राहत जरूर मिली है मगर कछारी इलाकों में बाढ़ का खतरा बरकरार है। गंगा की मुख्य धारा के नजदीक बने कुछ मकानों में तो बाढ़ का पानी घुस गया है। इसके अलावा छोटा बघाड़ा में बांध के पास सीवरलाइन के बैक फ्लो करने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

पिछले 24 घंटे में फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में करीब पौने तीन मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, बृहस्पतिवार शाम को गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार कुछ कम हो गई है। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बृहस्पतिवार की रात में जलस्तर 82 मीटर के करीब पहुंच गया था।छोटा बघाड़ा के शिवराज दुबे का कहना था कि रात में काफी तेजी से पानी बढ़ा। इसकी वजह से गली में पानी भर गया।

रोहित यादव का कहना था कि उन लोगों ने मकान की दीवार पर ही निशान लगा रखा था लेकिन सुबह उठने पर वह गायब था। पानी भर गया था। उर्मिला पाल का कहना था कि सीवर से भी पानी उलटे घरों में आने लगा है। इन्होंने बताया कि आसपास के लोग सामान बांधने लगे हैं। उर्मिला का कहना था कि पूरा सामान प्रथम तल पर शिफ्ट कर देंगे। कमोबेश यही स्थिति बेली, राजापुर, नेवादा कछार में भी रही और निचले इलाकों में पानी घुस गया था तथा लोग सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे हैं

**पंप लगाकर खाली प्लॉट में भरा पानी निकालेगा निगम, लगाए 56 पंप :** बीमारी का कारण बन रहे खाली प्लॉटो से पानी निकालने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। इसके लिए निगम की ओर से 56 पंप भी लगाए जाएंगे। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने पूरी टीम के साथ बाढ़ प्रभावित एवं संभावित राजापुर, बेली कछार, अंदावा आदि क्षेत्रों का बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। डेंगू का मामला सामने आने के बाद नगर आयुक्त की नजर संचारी रोगों के रोकथाम के लिए सफाई व्यवस्था तथा दवाओं के छिड़काव पर भी रही।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खाली पड़े प्लॉटो में पानी भर गया है जो संचारी रोगों के मुख्य कारण बन रहे हैं। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई तथा संबंधित अवर अभियंताओं को चेतावनी पत्र जारी किया। पूछताछ में यह भी पाया गया कि कई खाली प्लॉट विवादित हैं तो सैकड़ों के मालिक कहीं और रहते हैं। ऐसे में उसकी सफाई कराने वाला कोई नहीं है। यहां पानी निकालने तथा दवाओं के छिड़काव के लिए निगम के स्तर पर प्रयास किए जाने का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने इन कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव को दी।

**बेसमेंट वाले भवन मालिकों को जाएगा नोटिस :** दिल्ली में बेसमेंट में पानी भरने से तीन प्रतियोगियों की मृत्यु की घटना को देखते हुए नगर आयुक्त की बेसमेंट वाले भवनों पर विशेष नजर रही। नगर आयुक्त ऐसे भवन स्वामियों को सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने की बाबत नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।कछारी इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। तमाम परिवार सुरक्षित स्थान पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## सीएमपी डिग्री कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** शुक्रवार को सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज में डॉ. अजय प्रकाश खरे ,प्राचार्य के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी शिक्षकगण एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मचारी तथा विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्राचार्य ने सभी लोगों को स्वच्छता के महत्व से रूबरू करवाया। साथ ही साथ यह भी बताया कि जहां स्वच्छता होती है वहीं स्वस्थ विचार भी उत्पन्न होते हैं। उन्होंने छात्रों को भी स्वच्छता रूपी मुहिम से परिचय कराया और उनको बताया कि जितना जरूरी शिक्षित होना है उससे कहीं ज्यादा अपने आस पास के स्थान को स्वच्छ रखना है क्योंकि स्वास्थ ही सम्पत्ति है।इस अभियान में समाजशास्त्र, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र तथा अन्य सभी विभाग के शिक्षक- डॉ. नीता सिन्हा, डॉ. सत्यम्बदा सिंह, डॉ. रितेश त्रिपाठी, डॉ. राम चिरंजीव, डॉ. रुचिका चौधरी, डॉ. तान्या रॉय, डॉ अनंत सिंह ,डॉ.मनीष, डॉ. सपना, डॉ. अनिल पंडित, डॉ. दिव्या, डॉ. सुभाष, डॉ. नीति अग्रवाल, डॉ. खुश्बू, डॉ. गुप्त, डॉ. महेश, डॉ.अनिल श्रीवास्तव डॉ. रचना, सत्यम,योगेश, शिवानी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया काकोरी शताब्दी महोत्सव

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के मोहम्मदपुर सराय अली स्थित 3 विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में काकोरी शताब्दी महोत्सव मनाया गया। जिसमें एआरपी जगत भारतीय व प्रधानाध्यापिका अंजली पांडेय ने बच्चों को अमर शहीदों की गाथाओं को बताते हुए काकोरी ट्रेन के एक्शन में 12 बोगी वाली ट्रेन के बारे में विस्तार से बताया। उसके बाद बच्चों में क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला, सुलेख लेखन एवं प्रभात फेरी निकाली गई । इस मौके पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू समेत शिक्षक व शिक्षाएं उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी- कौशाम्बी

पत्रांकः 442/ उद्यान/ प्रेस विज्ञप्ति/2024-25

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांकः 07/08/2024

जनपद कौशाम्बी के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास (राज्य सेक्टर) एवं फलपट्टी विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार कार्ययोजना/लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इच्छुक कृषक विभाग की बेबसाइट (dbt.upharticulture.com) एवं upmip.in पर ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं। स्वीकृत/अनुमोदित निम्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पहले आवक पहले पावक आधार पर डी0बी0टी0 के माध्यम से कराया जायेगा।

| क्र0 सं0 | योजना/कार्यक्रम का नाम | इकाई | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| A | **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना** | | |
| 1. | ड्रिप सिंचाई (ड्रिप + मिनी + माइक्रो) | हे0 | 317.00 |
| 2. | स्प्रिंकलर सिंचाई (रेनगम + पोर्टबुल) | हे0 | 730.00 |
| B | **एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना** | | |
| 1. | केला टिश्यूकल्चर पौधा रोपण | हे0 | 70.00 |
| 2. | पपीता पौधा रोपण | हे0 | 2.00 |
| 3. | अमरूद उद्यान रोपण (6x6) | हे0 | 37.00 |
| 4. | अमरूद उद्यान रोपण (3x3) | हे0 | 50.00 |
| 5. | आम उद्यान रोपण (5x5) | हे0 | 6.00 |
| 6. | आम उद्यान रोपण (10x10) | हे0 | 40.00 |
| 7. | करौंदा फ्रूट क्रॉप | हे0 | 20.00 |
| 8. | फालसा फ्रूट क्रॉप | हे0 | 12.00 |
| 9. | स्ट्राबेरी फ्रूट क्रॉप | हे0 | 40.00 |
| 10. | ड्रैगन फ्रूट क्रॉप | हे0 | 6.00 |
| 11. | आंवला पौध रोपण | हे0 | 08.00 |
| 12. | सिंघाड़ा की खेती | सं0 | 3.00 |
| 13. | संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार | हे0 | 125.00 |
| 14. | खरीफ प्याज की खेती | हे0 | 670.00 |
| 15. | पुष्प क्षेत्र विस्तार (गेंदा) की खेती | हे0 | 15.00 |
| 16. | पुष्प क्षेत्र विस्तार (ग्लैडिओलस) की खेती | हे0 | 7.00 |
| 17. | एडाप्सन ऑफ आर्गेनिक फार्मिंग | हे0 | 11.00 |
| 18. | अमरूद जीर्णोद्धार | हे0 | 4.00 |
| 19. | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | सं0 | 10.00 |
| 20. | वर्मी बेड एच.डी.पी.ई. | सं0 | 10.00 |
| 21. | मौनपालन | सं0 | 550.00 |
| 22. | सिंघाड़ा हेतु आई.पी.एम./आई.एन.एम. | सं0 | 10.00 |
| C | **राज्य सेक्टर योजना (अनूसूचित जाति/जनजाति)** | | |
| 1 | संकर कद्दू वर्गीय सब्जियों की खेती | हे0 | 4.00 |
| 2 | संकर टमाटर की खेती | हे0 | 8.00 |
| 3 | मसाला मिर्च की खेती | हे0 | 8.00 |
| 4 | आई0पी0एम0 | हे0 | 4.00 |
| 5 | संकर शिमला मिर्च की खेती | हे0 | 2.00 |
| 6 | खरीफ प्याज की खेती | हे0 | 10.00 |
| 7 | रोज कटिंग | हे0 | 2.00 |
| 8 | गेंदा की खेती | हे0 | 5.00 |
| D | **फल पट्टी विकास योजना** | | |
| 1 | ग्रेडिंग पैकिंग सेन्टर | सं0 | 2.00 |
| 2 | पावर्ड नेपसेक स्प्रेयर | सं0 | 25.00 |
| 3 | आई0पी0एम0 | हे0 | 75.00 |
| 4 | अमरूद जीर्णोद्धार | हे0 | 6.00 |

पात्रता की शर्ते एवं आवश्यक प्रपत्र-
किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर देखी व जमा की जा सकती है।

जिला उद्यान अधिकारी
कौशाम्बी


# सीएचसी अधीक्षक ने किया उपकेंद्र का औचक निरीक्षण, तीन को नोटिस

**सोरांव।** शासन की मंशा के अनुसार किसी भी व्यक्ति को इलाज के अभाव में मौत न हो इसके लिए स्वास्थ्य महकमा बहुत ही तीव्र गति से क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के अधीक्षक अनुपम द्विवेदी ने उपकेंद्र जैतवार डीह का औचक निरीक्षण किया तो दोपहर तक उपकेंद्र पर ताला लटक रहा था। वहां पर तैनात एएनएम प्रतिमा सिंह अनुपस्थित पाई गई। इतना ही नहीं उसरही गांव में तैनात (उल्डड) एएनएम मानसी सिंह अनुपस्थित रही अधीक्षक के अनुसार फोन पर संपर्क करने पर केंद्र पर उपस्थित रहने की बात कहीं। ग्रामीणों से पूछताछ से पता चला कि सेंटर ज्यादातर बंद ही रहता है। तथा सेवाइथ गांव का भी निरीक्षण किया गया तो वहां की एएनएम शिक्षा सिंह भी अनुपस्थित रहीं। जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के अधीक्षक अनुपम द्विवेदी ने तीनों अनुपस्थित एएनएम को पत्र जारी कर दो दिवसों में अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण मांगा है। यदि समय से स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो एक दिन का वेतन/मानदेय काटने की भी कार्यवाही की जाएगी।

... इस बाबत अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोराव ने बताया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों के अनुपस्थित रहने पर केंद्र और जिले पर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। इसी बात को लेकर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जो भी एएनएम और आशा अपने क्षेत्र में काम के प्रति लापरवाही दिखा रही है। ऐसे कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। अधीक्षक द्वारा जैतवार डीह केंद्र का औचक निरीक्षण में अनुपस्थित रही एएनएमञ

# ट्रैक्टर से निकले किसान, तिरंगा मार्च निकाला पुलिस ने रास्ते में ही रोका, सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भी किसानों ने तिरंगा मार्च निकाला। दर्जनों ट्रैक्टरों से निकले किसानों ने जमकर नारेबाजी की। हालांकि किसानों के तिरंगा मार्च को झलवा आईआईटी के पास रोक लिया गया। किसान तिरंगा मार्च आगे ले जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने नहीं जाने दिया। वहां जाम के हालात भी बनने लगे, ऐसे में किसानों ने वहीं ज्ञापन देकर वापसी कर ली। संयुक्त किसान मोर्चा के ऐलान पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों के साथ दोपहर में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकाला। प्रयागराज कानपुर- कौशांबी मार्ग पर घोसी में जमा हुए किसानों ने ट्रैक्टर यात्रा शुरू की। किसान-मजदूर नारेबाजी करते हुए चले। अंत में एसडीएम सदर और एसीपी वरुण कुमार ने किसानों की बात सुन ज्ञापन ले लिया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, मध्यांचल अध्यक्ष शालिक राम यादव, जिला अध्यक्ष लल्लू पटेल, शाकिर, राम जतन, शुभम, संजय यादव, नितिन समेत विभिन्न लोग शामिल रहें।





# संगमनगरी में समय के दांव में कुश्ती के अखाड़े चित शरीर सौष्ठव के लिए युवा कर रहे जिम का रुख

**प्रयागराज।** संगमनगरी में कुश्ती के अखाड़ों की चमक फीकी पड़ गई है। समय के साथ शारीरिक सौष्ठव की प्रतीक मिट्टी की कुश्ती अब मैट में तब्दील हो गई है। युवा अब अखाड़ों में कुश्ती-दंगल से ज्यादा जिम की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि इस बार नागपंचमी पर शहर के कई अखाड़े सूने नजर आएंगे। शहर में दर्जनभर से अधिक अखाड़ों पर ताला लग चुका है। वक्त के फेर में कुश्ती-दंगल बीते दिनों की यादों तक सिमटने की चीज हो गई है। करीब एक दशक में कई अखाड़ों के नामोनिशान तक मिट चुके हैं।बंद होने वाले अखाड़ों में पहलवान गौरी गुरु का अखाड़ा, ललई पहलवान का अखाड़ा शामिल है। अकेले दारागंज में ही छह बड़े अखाड़े बंद हो चुके हैं। वहीं, लोकनाथ, कल्याणी देवी, दारागंज और झूंसी में ही अखाड़े ही चालू हालत में हैं। इसके अलावा जिन अखाड़ों में 60 से 70 पहलवान अभ्यास करने पहुंचते थे, वह संख्या अब 10 भी नहीं रह गई है। यही कारण है कि एक समय में हर मुहल्ले जहां अखाड़े से गुलजार रहा



करते थे, वहां पर अब चार अखाड़े ही रह गए हैं। वहां भी दंगल महज रस्म अदायगी तक सिमट गया है।जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मुकेश यादव अतीत के दिनों को ताजा करते हुए बताते हैं कि यह शहर कभी पहलवानी का गढ़ हुआ करता था। विश्वविजयी अंतरराष्ट्रीय पहलवान गामा यहां पर 40 दिनों तक ठहरे और दंगल में अपनी कला का प्रदर्शन किया। गुरु हनुमान, चंदगी राम, जगदीश कालीरमण, झारखंडे राय, विद्या सागर, भोला पहलवान, कल्लू पंडित और शिव अवतार जैसे दिग्गज यहां पर दंगल कर चुके हैं। लोकनाथ व्यायामशाला के शिवनंदन पांडेय बताते हैं कि 1947 में देश की आजादी के बाद छुन्नन गुरु ने लोकनाथ व्यायामशाला की स्थापना की। तबसे लेकर यहां से कई नामचीन पहलवान निकल चुके हैं।

**लोकनाथ के अखाड़े से निकले दो यूपी केसरी :** लोकनाथ से ही निकले दो पहलवान देवकीनंदन पांडेय और पग्गू पहलवान को यूपी केसरी की उपाधि तक मिली। वहीं जिला चैंपियन रहे पहलवान भोलानाथ पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चांदी की गदा भी जीती। उनके जीते गए चांदी के दोनों गदा की पूजा प्रत्येक वर्ष नागपंचमी के दिन अखाड़े में होती है। इसके बाद ही दंगल आरंभ होता है।

**दर्शकों की तादाद भी सिमटी, गद्दे पर आई कुश्ती :** पहले जब नागपंचमी पर अखाड़े में दंगल होता था तो उसे देखने के लिए छह से सात हजार लोग पहुंचते थे, लेकिन अब तीन से चार सौ लोग ही परंपरा का हिस्सा बनते हैं। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में कुश्ती के कोच अंकित तिवारी बताते हैं कि मिट्टी पर पहलवानी का क्रेज खत्म होने को है। अब नई पीढ़ी के पहलवान गद्दे पर कुश्ती कर रहे हैं। मिट्टी पर कुश्ती तो अब पंजाब और हरियाणा में भी सिमट गई है।

**नागपंचमी पर लोकनाथ के अखाड़े में पहलवानों ने लगाए दांवपेच**

नागपंचमी के मौके पर लोकनाथ स्थित अखाड़े में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहलवानों ने हिस्सा लिया। प्रयागराज के साथ ही आसपास के जिलों से पहलवान यहां पर दांवपेच लगाने के लिए पहुंचे थे। यहां पर कुंश्ती दंगल पूरे दिन चला। दंगल का शुभारंभ महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी ने किया। इस दौरान कई पहलवानों की कुश्ती बेहद रोमांचक रही। लोकनाथ का यह अखाड़ा काफी पुराना है। यहां पर रोज बड़ी संख्या में पहलवान पहुंचकर दांवपेच आजमाते हैं। नागपंचमी पर यहां पर दंगल का आयोजन किया जाता है। दर्शकों की भी भारी भीड़ जुटती है।

# देश को आजाद कराने में वीर सपूतों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः विधायक सदर

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर हुआ वृक्षारोपण, निकाली गयी प्रभात फेरी



प्रभात फेरी में शामिल सदर विधायक व जिलाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** काकोरी टेट्रन एक्शन की 100वीं वर्षगाठ के अवसर पर काकोरी टेट्रन एक्शन शताब्दी महोत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर कम्पनी गार्डेन (शहीद उद्यान) में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन ने वृक्षारोपण किया एवं प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी को विधायक सदर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी अम्बेडकर चैराहा, कोषागार चैराहा, पीडब्लूडी तिराहा होते हुये सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में जाकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य फादर आनन्द कुमार जॉन, विन्ध्याचल सिंह, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा एवं सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज बच्चे शामिल हुए।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी सहित अन्य सम्भ्रान्त लोग, विद्यालय के छात्र-छात्रायें, विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का स्वागत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन कर किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ आये हुये अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काकोरी टेट्रन एक्शन की 100वीं वर्षगाठ के अवसर पर काकोरी टेट्रन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर सपूतो के त्याग और बलिदान को भुलाया नही जा सकता है। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि काकोरी टेट्रन एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित हो रहा है और यहां पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं को काकोरी टेट्रन एक्शन के महत्व को जानने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हमारे क्रान्तिकारी बलिदानियों का योगदान अतुलनीय है। काकोरी टेट्रन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में एक मील का पत्थर था। काकोरी टेट्रन एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती गीत की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन एआरपी धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

## काकोरी काण्ड की 100वीं वर्षगांठ पर कम्पनी गार्डेन में फहरा तिरंगा

### नपा के ईओ ने महापुरुषों को किया नमन

अखंड भारत संदेश



मूर्ति पर माल्यार्पण करते ईओ नगर पालिका

**प्रतापगढ़।** आज सुबह से ही शहर में काकोरी काण्ड के सौवीं वर्षगांठ पर कम्पनी गार्डेन में जहां एक विशाल ऊंचाई पर तिरंगा फहराया गया। नगर पालिका के प्रशासक/जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर काकोरी काण्ड की 100वीं वर्षगांठ पर शहीद उद्यान कम्पनी गार्डेन में एक विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी प्रशांत सिंह की देखरेख में कम्पनी गार्डेन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उसके बाद नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने शहर के सभी महापुरुषों की मूर्तियों, सफाई, धुलाई कर उन्हें माला पहनाकर नमन किया। ईओ ने बताया कि 15 अगस्त तक रोज मूर्तियों की सफाई व धुलाई होगी। शासन से मिले निर्देश के अनुरुप घर-घर तिरंगा फहराने और महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई धुलाई करने की योजना 15 अगस्त तक के लिये बनाई गई है।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर एमडीपीजी कालेज में हुई क्विज प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश



एमडीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अरविन्द मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने काकोरी घटना में राष्ट्र प्रेम के लिये अपने प्राणों को न्योछावर करने क्रांतिकारियों को नमन करते हुए सभी छात्रों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय में कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शासन के निर्देशानुसार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान खुशबू गौतम एवं विनोद कुमार को संयुक्त रूप से, द्वितीय स्थान शची तिवारी, सुधांसु श्रीवास्तव एवं आँचल पाण्डेय और तृतीय स्थान शिफ़ा मंसूर ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशीष कुमार मिश्रा द्वितीय स्थान शची तिवारी एवं तृतीय स्थान पर विनोद कुमार एवं सुमित कुमार संज्ञा संयुक्त रूप से रहे। पेण्टिंग प्रतियोगिता में कीर्ति यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। काकोरी घटना पर सुनील कुमार पटेल ने एक सुन्दर गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन सुमित कुमार संज्ञा ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर अरविन्द कुमार मौर्य एवं योग प्रशिक्षक अजय कुमार मिश्र ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## महर्षि चरक के चिकित्सा सिद्धांत आज भी हैं प्रासंगिकः डॉ अवनीश

अखंड भारत संदेश

### चिकित्सा के जनक महर्षि चरक की जयंती मनाई गयी

**प्रतापगढ़।** श्रावण शुक्ल नाग पंचमी के दिन आयुर्वेद के प्रणेता महर्षि चरक की जयंती राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ में मनाई गयी।इस अवसर पर महर्षि चरक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके चिकित्सा सिद्धांतों को स्मरण किया गया।

आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय ने कहा कि इलाज के साथ साथ बीमारी से बचाना भी चिकित्सक का कर्तव्य है। चरक ऐसे पहले चिकित्सक थे जिन्होंने पाचन, चयापचय और शरीर प्रतिरक्षा की अवधारणा दी।चरक के अनुसार शरीर में पित्त, कफ और वायु के कारण दोष उत्पन्न हो जाते है और यही बीमारियों की जड़ बनते हैं। चरक ने मानव कल्याण के लिए आयुर्वेद ग्रंथ 'चरक संहिता' लिखा था. इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है, जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। डा भरत नायक ने कहा कि महर्षि चरक को भगवान शेषनाग का अवतार माना जाता है। चरक संहिता में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों, औषधियों, स्वस्थ जीवनशैली, रसायन, पंचकर्म के साथ रोगों के कारणों और चिकित्सा का वर्णन किया गया है। इस पुस्तक को आज भी चिकित्सा जगत में बहुत सम्मान दिया जाता है। यह ग्रन्थ ऋषि आत्रेय तथा पुनर्वसु के ज्ञान का संग्रह है जिसे चरक ने कुछ संशोधित कर अपनी शैली में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डा अखिलेश कुमार सरोज, डा अवनीश पाण्डेय, डा भरत नायक, मृत्युंजय यादव, धनंजय गुप्ता, रामचंद्र मौर्य, सतीश सिंह मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया अगस्त क्रांति दिवस

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



कम्पनी बाग मे गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्थानीय कंपनी बाग में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित कर किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर किया गया। गोष्ठी में बोलते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 त्रिपाठी ने 09 अगस्त के इतिहास व इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेसजनों ने विचार व्यक्त करते हुए नाम-अनाम शहीदों को नमन किया। संचालन सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 राम आधार तिवारी के पौत्र वेदांत तिवारी, स्व0 रामराज शुक्ल के पौत्र डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, स्व0 इंद्रजीत शर्मा के पुत्र अशोक शर्मा, स्व0 भगवती प्रसाद शुक्ल के पुत्र अनिल कुमार शुक्ल, स्व0 उमापति तिवारी के पौत्र अनादि कृष्ण तिवारी, को माला पहनाकर अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित करने का मौका मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, नगर अध्यक्ष इरफान अली, विजय शंकर तिवारी, सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, उपाध्यक्ष इंद्रानंद तिवारी, सेवादल उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, राधे श्याम दूबे, युनुस खान,संतोष सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल,विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मकरंद शुक्ल, आरटीआई विभाग के जिला अध्यक्ष शिवम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## कार्यकत्रियों के साथ सहायिकाएं भी रही केंद्रों से गायब, आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटकते रहे ताले

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की मनमानी के चलते शासन की महत्वाकांक्षी योजना धरातल से कोसों दूर दिखाई दे रही है। केंद्रों का कभी खुलना कभी न खुलना यह उनकी मर्जी पर निर्भर करता है।मनमानी की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही होती है। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत अर्जुनपुर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या कुल तीन है। अर्जुनपुर, लखनसेनपुर और देवापुर। उक्त तीनों केंद्र पर शुक्रवार को ताला लटकता रहा। केंद्रों पर लापरवाही के चलते लोग शासन की महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हो रहे है। इस योजना के तहत 0-6 वर्ष तक नौनिहालों के साथ ही गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हें पोषाहार दिया जाता है। छः वर्ष तक के नौनिहालों को अनौपचारिक शिक्षा भी दी जाती है। विभागीय मनमानी के चलते जब केंद्र खुलते ही नही है तो शिशुओं की देख-रेख किस तरह होता होगा यह तो जिम्मेदार ही जानें। फिलहाल ग्रामीणों की माने तो आंगनबाड़ी केंद्र कभी-कभार ही खुलते है। जब भी खुलते हैं तो केंद्रों पर कार्यकत्रियां तो कदाचित दिख जाएं, नहीं तो सहायिकाएं ही दिखती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मनमानी की शिकायत कई बार की गई, लेकिन कोई सुनता ही नहीं है। इस संबंध में सीडीपीओ से बात की गई तो उन्होंने कहा की मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रो पंजा प्रतियोगिता में मानस व नितिन ने जीता खिताब



विजेता को ट्राफी देते आयोजकगण।

अखंड भारत संदेश

### नागपंचमी के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को नागपंचमी के पर्व पर प्रो पंजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दर्जनों खिलाड़ियों ने अपने दम-खम का प्रदर्शन किया। जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

स्थानीय विकास खंड के रायपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास प्रो पंजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नागपंचमी के पर्व पर दूर-दराज से खिलाड़ियों ने अपने दम-खम का प्रदर्शन किया। प्रो पंजा प्रतियोगिता में 50 से 65 वर्ग भार में सगरा सुंदरपुर के मानस मिश्र व 65 से 80 वर्ग भार में ऊंचाहार, रायबरेली के नितिन गिरी ने जीत का खिताब अपने नाम किया। आयोजक आलोक सिंह ने दोनो खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। संरक्षक शिवेंद्र सिंह व आदर्श सिंह ने संयुक्त रूप से आए सभी खिलाड़ियों व दर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर अमित मौर्य, राहुल सिंह, सूर्या सिंह, रजवंत सिंह, राजन तिवारी, आशीष मिश्र, प्रकाश सिंह, नितिन सिंह व युवराज सिंह समेत दर्जनों लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## रामपुर खास में तेजी से संचालित होती रहेगी विकास परियोजनाएंः मोना

### कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने नागपंचमी पर बाबा धाम में टेका मत्था

अखंड भारत संदेश



विधायक मोना का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को यहां जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होने लोगों की समस्याओं के शीघ्र समुचित निदान कराये जाने का भरोसा दिलाया। वहीं विधायक मोना बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां उन्होनें नागपंचमी के पर्व पर बाबा का दर्शन पूजन किया।

उन्होने बाबा धाम में मत्था टेकते हुए सतत विकास एवं लोकमंगल की कामना भी की। उन्होनें कहा कि नागपंचमी का पर्व लोकमंगल की साधना में हमें त्याग व सामाजिक समानता के अवसर की सभी को उपलब्धता का संदेश दिया करता है। विधायक मोना ने कहा कि रामपुर खास में चतुर्दिक विकास से जुडी हर जरूरी योजनाएं तेजी से संचालित होती रहेगी। उन्होंने बाबा धाम में पर्यटन से जुड़ी रीवर फ्रन्ट जैसी निर्माणाधीन योजनाओं के कार्यो का भी अवलोकन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ददन सिंह, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, पप्पू तिवारी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, छोटे लाल सरोज, पन्ने लाल पाल, दारा सिंह, शेरू खां, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

## डीएम के आदेश पर कब्र खोदकर निकाला गया किशोरी का शव

### सर्पदंश से मौत होने पर बिना पीएम के शव को दफनाया गया

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिंदुराईपुर में 20 जुलाई को अमरनाथ सरोज की पुत्री रोली (10) वर्षीय को घर के बाहर लगे ईंट के ठेर पर अमरुद के पेड़ से गिरे फल को उठा रही थी कि अचानक ईंट के ठेर मे बैठे जहरीले सर्प ने रोली को काट लिया। सर्प के काटने के बाद रोली चिल्लाती हुई घर की तरफ भागी और बेहोश हो गयी जिसे आनन फानन में परिजन लोग सीएचसी कालाक़ांकर ले गये जहां चिकित्सकों ने कुंडा सीएचसी के लिए रिफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने रोली को मृत घोषित कर दिया, जिसे परिजन लोग आनन फानन मे बिना पोस्टमार्टम कराये शव को नवाबगंज घाट किनारे दफना दिया और घर चले गये।मामले की जानकारी होने पर मृतक रोली के पिता अमरनाथ सरोज जो घटना के वक्त बाहर गये थे लौटकर घर आये तो दैबी आपदा के तहत सरकार की तरफ पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की धनराशि लगभग 4-5 लाख रुपये मिलने की बात सामने आई जिस पर मृतक रोली के पिता अमरनाथ ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के यहां रोली के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश जारी किया जिस पर शुक्रवार को एस डी एम कुंडा भरतराम व एस ओ नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुरपुरी फोर्स के साथ नवाबगंज घाट पहुँचे जंहा ग्राम प्रधान अंधरीपुर डा मनोज पटेल मौजूद रहे।

## संदिग्ध महिलाओं के गांव में निवास करने की एसडीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के करनपुर खूंझी गांव में कुछ संदिग्ध महिलाओं के निवास करने की शिकायत ग्राम प्रधान द्वारा एसडीएम से की गई है। बता दें गांव के ग्राम प्रधान द्वारा एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके गांव में कुछ दिनों से संदिग्ध महिलाओं द्वारा गांव के एक व्यक्ति जो गुजरात में रहता है के घर में निवास किया जा रहा है। मामले में ग्राम प्रधान ने जब उनका परिचय जानना चाहा और उनसे पहचान पत्र मांगा तो ग्राम प्रधान को फर्जी मुकदमों में फंसा देने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत दिलीपपुर पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में ग्राम प्रधान नौशाद अली ने एसडीएम से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## गोली लगने से घायल भट्ठा मालिक की इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

### पांच दिन से चल रहा था इलाज, परिजनों में मचा कोहराम

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** सिर में दो गोली लगने से बेहोशी की हालत में पांच दिनों से एसआरएन अस्पताल में मौत से संघर्ष करते हुए जेठवारा के पर्वतपुर निवासी ईंट भट्ठा मालिक शिवेंद्र प्रताप सिंह मोनू की सांसे अंततः आज उनका साथ छोड़ गईं। खबर मिलते ही गांव से शहर तक इष्ट मित्रों के साथ परिजनों में कोहराम मच गया। शव घर पहुंचते ही शोक संवेदना जताने वालो का तांता लग गया। कई दिनों से हमलावरों की तलाश में हवा में तीर चला रही पुलिस के हाथ पांव भी फूल गए। घटना को लेकर जनमानस में भारी आक्रोश है।

जेठवारा थाना क्षेत्र के पर्वतपुर निवासी भट्ठा मालिक मोनू सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह को चार तारीख की शाम करीब नौ बजे अज्ञात हमलावर गोली मार कर फरार हो गये थे। इलाज के लिए उन्हें एसआरएन प्रयागराज में भर्ती कराया गया था, जहाँ पांचवे दिन आज उनकी मौत हो गयी। मोनू सिंह रामगंज बाजार के पास एक ईट भट्ठे का संचालन करते थे। हालांकि पुलिस ने अब तक कई लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस की नाकामी से लोगो मे भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। घटना को पैसे के लेनदेन के विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। मोनू के बड़े भाई वीरेंद्र प्रताप सिंह सोनू भी कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र में ईंट भट्ठे का संचालन करते हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर डीएम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

**अखंड भारत संदेश**

**अध्यक्ष,जिला पंचायत तथा जिलाधिकारी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ**



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज काकोरी शहीद स्मारक,लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में ₹काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव₹ का शुभारंभ किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना अध्यक्ष,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी-पंडित राम प्रसाद बिस्मिल,चंद्रशेखर आजाद,राजेंद्र लाहिड़ी , अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष,जिला पंचायत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गिरजा शंकर के पुत्र रावेंद्र सिंह एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रमा शंकर के पुत्र पवन कुमार व अक्षय कुमार तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय शिवा त्रिपाल सिंह के पुत्र श्रवण कुमार सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कारगिल युद्ध में वीरता का परिचय देने वाले पूर्व सैनिक सूबेदार मदन सिंह,हवलदार त्रिलोक सिंह व सूबेदार दशरथ सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष,जिला पंचायत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कड़ा श्रीमती अनामिका विद्यार्थी, प्रधानाचार्य धर्मा देवी इंटर कॉलेज डॉ रामकरण त्रिपाठी, प्रधानाचार्य मानसिंह इंटर कॉलेज लाल बहादुर मिश्रा, प्रधानाचार्य राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा श्रीमती रितु कुमारी, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पाता अवधेश मणि, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय अम्बावा पश्चिम जितेन्द्र कुमार, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय शाहपुर टिकरी आनंद गुप्ता, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय गौसपुर टिकरी प्रभात कुमार, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय कोतारी पश्चिम किरन सिंह एवं सहायक अध्यापिका सुनिष्ठा प्रजापति को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र आयुष त्रिपाठी एवं छात्रा तान्या ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रकाश डाला। जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव एवं मोहन यादव ने अपने गीतों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण कर उनकी वीर गाथा सुनाई कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु, परियोजना निदेशक नवीन कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### वीर शहीदों के परिजन किए गए सम्मानित



**अझुवा कौशाबी।** आदर्श नगर पंचायत कार्यालय अझुवा परिसर में काकोरी एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत के तमाम सम्मानित सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहे हैं सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति कुशवाहा ने अमर बलिदानों के चित्र पर पुष्प अर्चन कर उनके बलिदानों को याद किया अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कहा आज के दिन से शुरू हुआ यह सप्ताह बहुत ही महत्वपूर्ण है 9 अगस्त को दो बड़ी घटनाएं हुई थी पहली घटना काकोरी ट्रेन एक्शन दूसरा आज ही के दिन महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष ने वीर शहीदों के परिजन मनोज त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 1 भौंत र एवं करण सिंह निवासी वार्ड नंबर 1भौंत र को अंग वस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं सौंदर्य कृत धोबी घाट तालाब परिसर में शहीदों के नाम पौधरोपण किया गया है।

### शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर परिजनों को किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के शुभारंभ के अवसर पर विकास खंड चायल के शहीद स्मारक पर खण्ड बिकास अधिकारियों वा अन्य अधिकारियों द्वारा शहीदों को माल्यार्पण किया गया! अमर शहीद के परिवारजनों को अंग वस्त्र एवम माल्यार्पन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास खंड के कार्मिक ग्राम प्रधान वा अन्य ग्राम वासी भी उपस्थित रहे।

### अमर शहीद सोहन लाल को डीएम ने श्रद्धांजलि अर्पित किया



**कौशाम्बी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अमर शहीद सोहन लाल स्मारक,समदा पहुंचकर अमर शहीद सोहन लाल को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा अमर शहीद सोहन लाल जी की पत्नी व पुत्र को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पौधारोपण भी किया।

### बीडीओ ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को किया सम्मानित



**कौशाम्बी** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर विकासखंड सिराथू मे आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया।इस अवसर पर विकास खण्ड के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला ने अमर शहीद स्थल,तेरहरा में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीद लांस सेनानायक स्वर्गीय सूरज प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने अमर शहीद स्थल,रामसहाईपुर तथा अमर शहीद स्थल,उदिहीन बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्वर्गीय नरेन्द्र कुमार तथा स्वर्गीय अजीत कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा परिजनों को सम्मानित किया।

### महाकालेश्वर मंदिर में 24 घंटे होगा ॐ नमः शिवाय का जाप

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत नवीन मंडी समिति अझुवा में स्थिति श्री महाकालेश्वर मन्दिर में 11 अगस्त रविवार से 12 अगस्त सोमवार तक ॐ नमः शिवाय जाप कार्यक्रम भव्य तरीके से किया जायेगा 12 अगस्त दिन सोमवार को मंदिर प्रंगाड में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति प्रबंध तंत्र अध्यक्ष शिव बाबू केसरवानी ने दी है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स में परेड की ली गयी सलामी



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन कौशांबी में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। बरसात होने के कारण परेड ग्राउंड के चारों तरफ बनी सड़क पर पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा परिवहन शाखा, बैरक, जिम, पुलिस कैंटीन तथा पुलिस लाइन परिसर आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## चौकी प्रभारी का स्थानांतरण होने पर दी गई विदाई



**अझुवा कौशांबी** सैनी थाना क्षेत्र की अझुवा पुलिस चौकी प्रभारी अरुण कुमार मौर्य का स्थानांतरण सैनी कोतवाली के सिराथू चौकी इंचार्ज के पद पर हो गया है आज 9 अगस्त शुक्रवार को चौकी प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कई गांव के प्रधान और सम्मानित लोगों ने चौकी इंचार्ज को पुष्पमाला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए ससम्मान विदाई दी है ।ग्राम प्रधानों एवं सम्मानित लोगों ने चौकी प्रभारी अरुण कुमार मौर्य के 14 माह से अधिक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाकर काम किया इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ,वरिष्ठ समाजसेवी अंबर भाई,ग्राम प्रधान भैरायें गोपी मौर्य ,ग्राम प्रधान केन गुलाब सिंह यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कानेमई शिव सिंह राजपूत ,ग्राम प्रधान बरीपुर विवेक मौर्य, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धुमाई महेंद्र सिंह ,कोटेदार संदीप गौतम,सभासद फूलचंद्र केसरवानी,सभासद सुरेश मौर्य,सभासद रमेश,सभासद मनोज त्रिपाठी सभासद ननका गुप्ता ,सभासद रामबाबू मोदनवाल ,अमृत लाल मौर्य,आकाश मौर्य,गुड्डू कुशवाहा,हीरा मौर्य सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## सेवानिवृत आईजी डीएम एसपी ने काकोरी ट्रेन एक्सन 100 वी वर्षगाठ पर किया पौध रोपण



**कौशाम्बी** सेवानिवृत आईजी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा काकोरी ट्रेन एक्सन 100 वी वर्षगाठ पर शहीदों के याद में पौध रोपण किया गया पेड लगाओं पेड बचाओं जन अभियान 2024 के तहत काकोरी ट्रेन एक्सन की 100 वी वर्षगाठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित बौद्ध वाटिका में सेवानिवृत आईजी बी0पी0 त्रिपाठी जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के द्वारा ब्लू गोल्डमोहर व आम का पौधा रोपड़ किया गया। और पौधे से होने वाले लाभ के बारे में बताया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकता है हादसा



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर घुमाई रेलवे फाटक से पहले पीडब्लू बीच मार्ग पर विद्युत विभाग ने 4 माह पहले गड्ढा खोद कर अंडर ग्राउंड 11हजार लाइन ले गए हैं ।कार्य के बाद बाद गड्ढा उसी स्थिति में पड़ा छोड़ दिया बरसात की वजह से गड्ढा बड़ा और गहरा हो गया ।वार्ड के नन्हू ,दीपक,बबलू आदि ने बताया उक्त मार्ग धुमाई, साँखा,बरीपुर सहित दर्जनों गांव के लोग आवागमन करते है नगर पंचायत अझुवा में स्थित विभिन्न विद्यालयों की बच्चो को लाने और छोड़ने का एकमात्र रास्ता है बरसात का मौसम है ,गड्ढे की वजह से कोई भी हादसा हो सकता है इस संबंध में विद्युत एसडीओ प्रभात कुमार ने बताया मामला जानकारी में नहीं था शीघ्र ही विभाग द्वारा किए गए सड़क में गड्ढे की मरम्मत करा दी जाएगी

## कांग्रेस किसान पार्टी के जिला अध्यक्ष बने अजीत



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस के चेयरमैन जगदीश सिंह ने ककोढा निवासी अजीत कुमार कुशवाहा पत्रकार को कांग्रेस किसान का कौशांबी जिला अध्यक्ष घोषित किया है इस बात की जानकारी जैसे ही उनके समर्थकों को लगी उन्होंने अजीत कुशवाहा को बधाई दी है पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि एआईसीसी के महासचिव अविनाश द्विवेदी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मनसा के अनुरुप आपको जिला अध्यक्ष का पद सौपा जाता है उन्होंने कहा है कि ब्लाक जिला तहसील न्याय पंचायत स्तर और ग्राम स्तर की कमेटियों से सामंजस बनाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे प्रसन्नता जाहिर करने वालों में शमीम आलम बुदुल कुमार विष्णु सोनी एकरार अहमद,अरूणेश दीक्षित, मो,अकबर,राजमन तिवारी,शमीम अहमद,राजेश पांडेय,मो.आरिफ, हेमन्त सरोज, इत्मीनान ,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मदरसों के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगाँठ पर जनपद कौशांबी में स्थित सभी अनुदानित मदरसों द्वारा शासन, जिलाधिकारी एवम् अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में मदरसों में अध्यनरत छात्र/छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के साथ साथ आम जन मानस को भी काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में जागरूक किया गया।मदरसा जामिया इमदादुल उलूम करारी से एक भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया, जुलूस में छोटे-छोटेबच्चे क्रान्तिकारियों की फोटो की तख्तियां तथा तिरंगे की झण्डियाँ हाथों में उठाये हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, काकोरी के शहीद अमर रहें के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर अध्यापकों ने काकोरी कांड पर विस्तार से प्रकाश डाला जुलूस सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन की और से पुलिस फोर्स की भी व्यवस्था की गई थी। जुलूस मदरसो से शुरू होकर गांव गांव घरघर होता हुआ पुनः मदरसा आकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्य अध्यापकों सहित समस्त स्टाफ और बच्चों ने जोश के साथ भाग लिया इसी क्रम में मदरसा जामिया मिल्लिया करारी, मदरसा फैजे आप महगांव,मदरसा हिसामुल उलूम कसिया पूर्व, मदरसा दारुल उलूम नूरिया एहसानिया भरवारी, मदरसा दारुल उलूम एहसानिया मंझनपुर, मदरसा जहाँगीर मदरसाए निस्वा मंझनपुर, मदरसा दारुल उलूम गौसिया रिजविया देवी गंज, मदरसा दारुल उलूम इस्लामिया गौसिया नईदुनिया चूहापीरन, मदरसा अरबिया मदीनतुल इल्म लढके तथा निसवां चूहापीरन तथा मदरसा इसलाहुल मुस्लिमीन अलीपुर जीता में भी भव्य पैमाने पर प्रभातफेरी निकाली गई।






## एक पेड़ मां के नाम नगर पालिका में अध्यक्ष एवम ई ओ द्वारा किया गया पौधारोपण

**सभी कर्मचारी एवम सभी वार्डो के पार्षद थे मौजूद**

**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा के मिनी स्टेडियम में शुक्रवार की सुबह एक पेड़ मां के नाम से नगर पालिका की अध्यक्ष कविता पासी एवम अधिशाषी अधिकारी रामसिंह के द्वारा पौधारोपण किया गया इस मौके पर नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एवम सभी वार्डो के पार्षद मौजूद थे पौधा रोपण के बाद अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने पेड़ से होने वाले फायदे के बारे में नगर के लोगों को बताते हुए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने के लिए प्रेरित किया है पौधारोपण के बाद पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेते हुए पर्यावरण बनाए रखने में सहयोग की शपथ ली गयी है आपको बता दे कि शासन की मंशा को ध्यान मैं रखते हुए नगर पालिका भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी एवम अधिशाषी अधिकारी राम सिंह द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगा कर मिनी स्टेडियम में पौधारोपण का बृहद कार्यक्रम किया इस मौके पर कविता पासी एवम अधिशाषी अधिकारी राम सिंह के अलावा वरिष्ठ लिपिक बबलू गौतम एवम सभी कर्मचारी एवम सभी वार्डों के पार्षद जिसमे पार्षद 23 ए पी जे अब्दुल कलाम मोहम्मद हुसैन वार्ड 17 शंकर लाल केशरवाणी वार्ड 8आशिफ वार्ड 6 घनश्याम पासी राजू पासी बच्चा केधारवानी सुनील पासी बीरेन्द्र कुमार आदि पार्षद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अपने देश के प्रति हमे सच्ची राष्ट्रभक्ति रखनी चाहिए : प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी



**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में "काकोरी एक्शन शताब्दी महोत्सव "का भव्य आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मोहम्मद आदिल द्वारा 9 अगस्त, 1925 को काकोरी घटना से जुड़े क्रांतिकारियों के योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर राजेंद्रनाथ लाहिड़ी जो काकोरी घटना के समय इतिहास से मास्टर डिग्री ले रहे थे, उन्होंने जेल से बड़ी बहन को लिखा कि आपने मुझे मां की कमी का अहसास नहीं होने दिया, आप मेरे मरने पर दुखित न होकर हर्ष प्रकट करना। काकोरी मामले में सरकारी गवाह बनारसी दास ने आपको सूबे का संगठनकर्ता बताया।अशफाकुल्ला खान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जेल में फांसी से पहले लिखा कि मुझे इत्मीनान है, मुझे खुशी है कि आने वाली नस्ल मुझको डरपोक और कायर नहीं कहेगी बल्कि सच्चा, बहादुर और देशभक्त कहेगी। मां को लिखे पत्र में अशफाकुल्ला ने लिखा की मां आप जब मुझसे मिलने आएं बहादुर मां की तरह मिलें, हां बिस्तरबंद आप भूलें नहीं ताकि उसी में मैं अपना बिस्तर वगैरह बांध कर दे दूं। मुरारी लाल, मुकुंदी लाल, बनवारी लाल, मन्मथ नाथ, चंद्रशेखर आजाद, शचींद्र नाथ, राम प्रसाद बिस्मिल के बारे में और साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन और उसके प्रभावों के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया।इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने 9 अगस्त को इस दिवस को मनाए जाने की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश के प्रति सच्ची राष्ट्रभक्ति रखनी चाहिए क्योंकि छद्म राष्ट्रभक्ति राष्ट्र के लिए घातक है।इस अवसर पर कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए।कार्यक्रम में प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव, डॉ० सी. पी. श्रीवास्तव ,डॉ० अनुज तिवारी, डॉ० राहुल राय, डॉ० दीपक,डॉ संजू आदि उपस्थित रहे।

## चार वारंटी को संदीपनघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हर्रायपुर कौशाम्बी** अदालत में हाजिर ना होने वाले चार वारंटी अभियुक्तों को संदीपनघाट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जालीम पुत्र सुन्दर उम्र 55 वर्ष निवासी बलिहाँवा थाना संदीपनघाट वाद संख्या 5208/05 मु0अ0स0 280/93 धारा 323/336/504/506 भादवि0 ता0पेशी 08.08.24 को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशाम्बी के समक्ष पुलिस ने पेश किया इसी तरह बडेलाल पुत्र धीरम सिहं नि० बलिहांवा थाना संदीपनघाट वाद संख्या 5208/05 मु0अ0स0 280/93 धारा 323/ 336/ 504/ 506 भादवि0 ता०पेशी 08.08.24 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशाम्बी वा रमेसर पुत्र दुलारे नि० बरई मजरा बहरा उम्र 65 वर्ष थाना संदीपनघाट सम्बन्धित केस नम्बर 47112028 मु0अ0स0 183/18 धारा 147/504/506 भादवि0 थाना कोखराज ता०पेशी 08.08.24 न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोशाम्बी वा फूलचन्द्र पुत्र रमेशर नि० बरई मजरा बहरा उम्र 35 वर्ष थाना संदीपनघाट सम्बन्धित केस नम्बर 47112028 मु0अ0स0 183/18 धारा 147/504/506 भादवि0 थाना कोखराज के बिरुद्ध जारी वारंट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

## नया मकान बनते ही ताला तोड़कर चोरी

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात पुलिस को दी गई सूचना**

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में बेखौफ चोर अब सीसीटीवी कैमरे के सामने भी चोरी करने से नही कतरा रहे है,चोर खुलेआम चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है, चोरों ने मास्क लगाकर सीसीटीवी कैमरे के सामने ही सब्बल से दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है,घटना की जानकारी सुबह घर पहुंचे लोगो को हुई तो हड़कंप मचा गया,घर पर हुई चोरी की सूचना पीड़ित ने पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के मुख्य मार्ग पर परसरा चौराहा के पास नगर पालिका परिषद भरवारी में कार्यरत बबलू सरोज ने अपना नया मकान निर्माण करवाया है,जिसमे 15 वा 16 अगस्त को अखंड रामायण का पाठ आयोजित कर गृह प्रवेश का कार्यक्रम किया जाना है।लेकिन घर में गृह प्रवेश के पूर्व ही चोरों ने चोरी कर दिया। हालांकि अभी अधिक समान घर पर नहीं शिफ्ट किया गया था,जिसके चलते चोर अपने मकसद में कामयाब नही हो सके।वही चोरी की यह घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।पीड़ित ने चोरी की इस घटना की सूचना भरवारी चौकी पुलिस को दी है,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है हालांकि मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जिससे पुलिस को चोरों तक पहुंचना आसान हो गया है अब देखते हैं कि चोर तक पुलिस पहुंच पाती या फिर सब कुछ जांच के नाम पर रह जाएगा।

## संपादकीय

# 'चीनी' सामान भारत छोड़ो

भारतीय बाजारों में जिस प्रकार से चीनी वस्तुओं का आधिपत्य दिखाई दे रहा है, उससे यही लगता है कि देश में एक और भारत छोड़ो आंदोलन की महती आवश्यकता है। यह बात सही है कि आज देश में अंग्रेज नहीं हैं, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन के समय जिस देश भाव का प्रकटीकरण किया गया, आज भी वैसे ही देश भाव के प्रकटीकरण की आवश्यकता दिखाई देने लगी है। हम सभी चीनी वस्तुओं का त्याग करके चीन को सबक सिखा सकते हैं। यह समय की मांग भी है और देश को सुरक्षित करने का तरीका भी है। हम देश की सीमा पर जाकर राष्ट्र की सुरक्षा नहीं कर सकते तो चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करके सैनिकों का उत्साह वर्धन तो कर ही सकते हैं। तो क्यों न हम आज ही इस बात का संकल्प लें कि हम जितना भी और जैसे भी हो सकेगा, देश की रक्षा के लिए कुछ न कुछ अवश्य ही करेंगे।

भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए जिन महापुरुषों ने जिस स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी, वर्तमान में वह कल्पना धूमिल होती दिखाई दे रही है। महात्मा गांधी ने सीधे तौर पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रति देश भाव के प्रकटीकरण करने की बात कही थी, पर क्या यह भाव हमारे विचारों में दिखाई देता है। कदाचित नहीं। वर्तमान में जो राजनीतिक दल महात्मा गांधी के नाम के सहारे जिन्दा हैं। उन राजनीतिक दलों के अंदर देश भाव का अंश दिखाई नहीं देता। देश में जितने भी महापुरुष हुए हैं, सभी ने देश भाव को जन-जन में प्रवाहित किया। इसी के कारण ही अंग्रेज और अंग्रेजी मानसिकता के लोगों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। सभी महापुरुषों का एक ही ध्येय था कि कैसे भी हो देश में स्वदेशी भावना का विस्तार होना चाहिए, फिर चाहे हमारे दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली वस्तुओं का मामला हो या फिर शिक्षा पद्धति का। सभी में स्वदेशी का भाव प्रकट होना चाहिए। वास्तव में देश धर्म क्या होता है, इसे जानना है तो हमें किसी सैनिक से पूछना चाहिए। वह यही जवाब देगा कि देश धर्म का मूल्य प्राण देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। इसके लिए सुख सुविधाओं का त्याग करना पड़ेगा। सुविधाओं का त्याग करने वाला समाज ही अपनी और अपने समाज की रक्षा कर सकता है।

आज जाने-अनजाने हमारे घरों में स्वदेशी की जगह विदेशी वस्तुओं ने ले ली है। चीनी वस्तुएं हमारे घरों की शोभा बन रही हैं। जरा सोचिए कि जो देश हमारे देश पर आक्रमण करने की भूमिका में दिखाई दे रहा है, उसी देश का सामान हम अपने घरों में लाकर उसको महत्व दे रहे हैं। हम अपने घर में चीनी सामान को देखकर खुश हो रहे हैं और चीन हमसे ही कमाए गए पैसे के दम पर हमारे देश को आंख दिखा रहा है। वास्तव में देखा जाए तो वर्तमान में हम मतिभ्रम का शिकार हो गए हैं। विदेशी सामान की अच्छाई के बारे में कोई झूठा भी प्रचार कर दे तो हम उस पर विश्वास कर लेते हैं, लेकिन हमें अपने ऊपर विश्वास नहीं।

यह बात सत्य है कि भारत एक ऐसा देश है जहां विश्व को भी शिक्षा दी जा सकती है, लेकिन इन सबके लिए हमें अपने अंदर विश्वास जगाना होगा, तभी हम देश का भला कर सकते हैं। जनता अगर एक बार संकल्प कर ले तो वह दिन दूर नहीं, जब हम चीन को पछाड़ सकते हैं। आज चीन द्वारा निर्मित वस्तुओं का पूरी तरह से त्याग करने की आवश्यकता है। बहुत से लोग यह तर्क भी कर सकते हैं कि सरकार चीन की वस्तुओं पर रोक क्यों नहीं लगा देती? इसका एक ही उत्तर है, जब जनता विरोध करेगी तो सरकार को भी बात माननी होगी।

हमें पहले इस बात का अध्ययन करना होगा कि हमारा देश गुलामी की जंजीरों में कैसे जकड़ा। इसका सीधा सा जवाब यही होगा कि हमारे देश में अंग्रेजों द्वारा संचालित की जाने वाली ईस्ट इंडिया कंपनी के उत्पादों को खरीदना प्रारंभ कर दिया। उससे स्वावलंबी भारत आर्थिक तौर से परावलंबी होता गया और देश की आर्थिक प्रगति पूरी तरह से अंग्रेजों पर निर्भर हो गई। इसके परिणामस्वरूप हम आर्थिक रूप से परतंत्र हो चुके थे। अब जरा सोचिए कि जब एक विदेशी कंपनी ने भारत को गुलाम बना दिया था, तब आज तो देश में हजारों विदेशी कंपनियां व्यापार कर रही हैं। देश किस दिशा की ओर जा रहा है। हम जानते हैं कि अंग्रेजों की परतंत्रता की जकड़न से मुक्त होने के लिए हमारे देश के महापुरुषों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद किया। इस आंदोलन के मूल में अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर करना था, इसके साथ ही अंग्रेजियत को भी भारत से भगाने की संकल्पना भी इसमें समाहित थी। इस आंदोलन में जहां विदेशियों के प्रति देश के जनमानस में नकारात्मक भाव जाग्रत हुआ, वहीं स्वदेशी यानी देश भक्ति की भावना का प्रकटीकरण हुआ।

इस आंदोलन के सफल होने के बाद आज यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि देश के नागरिकों में देश भाव कूट-कूट कर भरा हुआ है, लेकिन आज उसे प्रकट करने की महती आवश्यकता है। ऐसे ही आंदोलनों के चलते देश भाव को प्रकट करने के लिए विदेशी वस्तुओं की होली जलाई जाती थी। इसके पीछे एक मात्र उद्देश्य यही था कि भारतीय जन स्वदेशी भाव को हमेशा जागृत रखें और अपने देश में निर्मित सामान का ही उपयोग करें। आज के वातावरण का अध्ययन करने से पता चलता है कि आज सैकड़ों बहुराष्ट्राष्ट्रीय कंपनियां व्यापार के माध्यम से हमारे देश को लूट रहीं हैं। हम अनजाने में विदेशी वस्तुओं को खरीदकर अपने आपको आर्थिक गुलामी की ओर धकेल रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि देश में एक और भारत छोड़ो आंदोलन की आवश्यकता है। जैसा कि हम जानते हैं कि वर्तमान में भारतीय बाजार चीनी वस्तुओं से भरे पड़े हैं। उसे भारतीय लोग खरीद भी रहे हैं, लेकिन क्या हम जानते हैं कि इन वस्तुओं से प्राप्त आय का बहुत बड़ा भाग चीन को

## आदर्श स्थापित कर कए बुद्धदेब भट्टाचार्य

**डॉ. प्रभात ओझा**

वर्ष 2022 में पद्म पुरस्कारों की घोषणा हुई, तो उसमें पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेब भट्टाचार्य का नाम पद्मभूषण प्राप्तकर्ता के रूप में शामिल था। इसी सम्मान के लिए तब कांग्रेस में रहे गुलाम नबी आजाद के नाम की भी घोषणा हुई। भट्टाचार्य ने सम्मान लेने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इसकी जानकारी उन्हें पहले से नहीं थी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भट्टाचार्य के बहाने अपने साथी गुलाम नबी आजाद पर व्यंग्य कसा था। उन्होंने कहा कि बुद्धदेब भट्टाचार्य ऐसे नेता हैं, जो ह्यआजादह्व रहना चाहते हैं, ह्यगुलामह्व नहीं। जयराम रमेश ने भले ही अपने साथी आजाद पर व्यंग्य किया हो, लेकिन आज लगता है कि उन्होंने जाने-अनजाने कम्युनिस्ट नेता बुद्धदेब भट्टाचार्य के व्यक्तित्व की सही प्रस्तुति कर दी थी। पश्चिम बंगाल में 34 साल तक वामपंथी शासन में से करीब 11 साल बुद्धदेब के नाम भी थे। उनके पहले 23 वर्षों तक ज्योति बसु राज्य के मुख्मंत्री रहे। बुद्धदेब के आजाद ख्याली को इस रूप में देखा जाना चाहिए कि उन्होंने उद्योगीकरण के लिए राज्य में विदेशी पूंजी तक को आमंत्रित किया। सिंगूर में टाटा को लाने के लिए वे पहचाने ही जाते हैं। आमतौर पर वामपंथी उदारीकरण नीति के खिलाफ रहा करते हैं। इसके विरुद्ध बुद्धदेब ने टाटा के नैनो कार के लिए भी सिंगूर में जगह दी। अलग बात है कि सिंगूर में भूमि विवाद के चलते लंबा आंदोलन चला और माना जाता है कि लंबे कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति और ममता राज के आने के कारणों में सिंगूर मसला भी बहुत अहम रहा।

कम्युनिस्ट नेताओं के पद पर रहते वेतन-भत्ता आदि पार्टी को समर्पित करना आम बात है। बुद्धदेब ने भी यही किया। मुख्यमंत्री को मिलने वाली धनराशि वे पार्टी फंड में जमा कर दिया करते थे। उनके अपने खर्च के लिए पार्टी उसी धनराशि का एक हिस्सा उन्हें दिया करती थी। बताया जाता है कि बाद में भी पार्टी बुद्धदेब के दैनिक खर्च और इलाज आदि की व्यवस्था कर रही थी। परिवार से अति समृद्ध उनके पूर्ववर्ती ज्योति बसु ने भी यही किया। केरल के पहले मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद सीएम रहते साइकिल से कार्यालय जाया करते थे। उनका टाइप राइटर भी उनकी साइकिल के करियर पर ही बंधा होता था। मणिपुर के मुख्यमंत्री रहे माणिक सरकार के पास भी अपना कोई निजी आवास और वाहन नहीं था।भट्टाचार्य का व्यक्तिगत जीवन और चारित्रिक विकास में परिवार की पृष्ठभूमि कहां तक काम आई होगी, यह भी विचारणीय और रोचक है।

# मत भूलिए नाग पंचमी भी मनाता है देश

**राकेश अचल**

जब हम सब बच्चे थे तब नाग पंचमी को धूम अलग होती थी। अब जब हम चौथेपन में आ गए हैं तो नाग पंचमी कब आती है और कब चली जाती है, इसका पता ही नहीं चलता। इसकी वजह नाग नहीं बल्कि हम है। नाग तो आज भी जहाँ-तहाँ मिल सकते हैं, लेकिन सरकार ने ही नाग पूजा को प्रतिबंधित कर दिया है। नागों को पकड़ने वाला एक पूरा समाज अब विलुप्त हो गया है। नागों से खेलने-खाने वाले इस समुदाय का अब कोई आता-पता नहीं है। आज भी नाग पंचमी थी लेकिन हमें दूर-दूर तक बीन की आवाज नहीं सुनाई दी जो नाग पंचमी का 'सिग्नेचर' मानी जाती थी। यानि हम लगातार कुछ न कुछ खोते ही जा रहे हैं।

आप सोच रहे होंगे कि आज देश में जब वक्फ विधेयक, विनेश फोगाट, नीरज चौपड़ा और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर उत्पीड़न की बात हो रही है तब मै ये नाग-पुराण लेकर कहाँ बैठ गया ? आपका सवाल जायज है। नाजायज तो वे सवाल हैं जो आजकल विपक्ष की और से संसद में किये जाते है। नाजायज शायद वे सवाल हैं जो राज्य सभा में सभापति जयदीप धनकड़ को रुला देते हैं। लोकसभा में ओम बिरला जी को विचलित कर देते हैं। हमें न नाग की बात करना चाहिए और न नागिन की । हमें न सपेरों की बात करना चाहिए और न उनकी बीन की। उस बीन की जिसे सुनकर ' मेरा तेरा, हम सबका तन और मन डोलने लगता था।

हमारी दादी कहतीं थीं कि पूरी धरती नागों से भरी है। वे यदि सबके सब जमीन के बाहर आ जाएँ तो मनुष्य प्रजाति का जीना दूभर हो जाए। वे कहतीं थीं कि नाग हमारे देवता हैं इसलिए उन्हें पूजना ही चाहिए। हम हर उस व्यक्ति की, शक्ति की पूजा करते हैं जिनसे हमें खतरा होता है या जो हमारे ऊपर कृपा बरसाती हैं। हमें जब नाग नहीं मिलते तो हम दीमकों के घर को नागों का घर समझकर पूज लेते हैं इन्हें बामी 'कहा जाता है। धारणा है की नाग इन्हीं के भीतर बिल बनाकर रहते हैं।सावन का महीना हो और पवन शोर करती हो तभी शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पूजा की जाती है। नागों में भी मनुष्यों की तरह जातियां-प्रजातियां होतीं है। हमें बचपन में बतया गया था कि हम आज के दिन उन 12 नागों की पूजा करते हैं जो भगवान भोलेनाथ को प्रिय थे। इन के नाम आप शायद न जानते हों इसलिए बताये देता हूँ कि ये - अनंत, वासुकि, शेष, पद्मनाभ, कम्बल,



षड्गपाल, धृटराष्ट्र, तक्षक और कालिया, तक्षक, शंख, और कुलिक प्रमुख है। ये नाग देवता हैं। इनमें शेषनाग सबसे विशाल हैं जो भगवान विष्णु की सेवा करते है। मुझे हैरानी है कि इनमें ऐनकोंडा का नाम कहीं नहीं है। मुमकिन है कि उस समय ऐनकोंडा को किसी और नाम से जाना जाता हो। मैंने अग्निपुराण नहीं पढ़ा, लेकिन कहते हैं की इसमें नागों की 80 प्रजातियों का जिक्र है। नाग पंचमी पर हमें जितने नाग, सपेरे और उनकी बीन याद आती है उतनी ही याद आती है चंदन चाचा के बाड़े की। क्योंकि हमारे पाठ्यक्रम में तब एक कविता थी -

सूरज के आते भोर हुआ
लाठी लेझिम का शोर हुआ
यह नागपंचमी झम्मक-झम
यह ढोल-ढमाका ढम्मक-ढम
मल्लों की जब टोली निकली
यह चर्चा फैली गली-गली
दंगल हो रहा अखाड़े में
चंदन चाचा के बाड़े में।।

अब, मुश्किल ये है कि न चंदन चाचा का बाड़ा बचा और ढोल-धमाका। न मल्लों की टोलियां बचीं और न अखाड़े। अब सबको सियासत ने लील लिया है। अब संघ की लाठियों और लेजमें का शोर है। मल्लों की जगह वोट लूटने वालों की टोलियां हैं और गली-गली में नेताओं के अखाड़ों की चर्चा है। बाल मन इस सबसे डरता है। हमारे पाठ्यक्रमों में चंदन चाचाओं की जगह गोडसे स्थापित किये जा रहे हैं। मेरा मन भटक रहा है इसलिए मै दोबारा से नागों यानि साँपों पर आता हूँ।

कहते हैं कि सांप के पैर नहीं होते इसीलिए ये अफवाहों से भी तेज दौड़ लगा लेता हैं। सांप कभी सीधा नहीं चलता। सांप अपलक होता है यानि इसकी आँखें हमारी तरह झपकती नहीं हैं। इसके चूंकि पलकें होती ही नहीं इसलिए ये किसी के लिए पलक -पांवड़े नहीं बिछाता। सांप की अनेक विशेषताएं है। ये विषैले भी होते हैं और विषहीन ही लेकिन ज्यादतर सांप अपने विष के कारण ही मारे जाते हैं। दुनिया बड़ी है इसलिए साँपों का कुनवा भी बड़ा है, दुनिया में ढाई -तीन हजार तरह के सांप पाए जाते है।एक अंगुल से लेकर 10 मीटर तक लंबा हो सकता है। भारत में 69 तरह के जहरीले साँपों का घर है। इसमें से आधे जमीन पर रहते हैं और बाकी के पानी में। सांप मांसाहारी है इसलिए आप उसे मुसलमान मत मान लेना। सांप बेचारा हिन्दू है। हिन्दू देवी-देवताओं की सेवा करता है। भगवान शिव के गले में पड़ा रहता है। विष्णु का बिस्तर बन जाता है।कालानतर में जब सब कुछ बदला तो साँपों ने भी कुछ बदलाव स्वीकार किया। जब जंगल की जमीन पर कंक्रीट के जंगल उगने लगे, साँपों के बिल नष्ट किये जाने लगे तो साँपों ने अपना ठिकाना बदला। सांप बिलों से निकलकर आस्तीनों में रहने लगे। उनका रंग-रूप बदल गय। इन्हें पहचानना मुश्किल हो गया कि वे सांप हैं भी या नहीं ?' आस्तीन का सांप 'एक गाली बन गया। कहावत में ढल गया। लेकिन हमने साँपों को पूजना बंद नहीं किया। अब पिटारियों में बंद सांप नहीं मिलते तो हम कागज पर सांप बनाकर उनकी पूजा करते है। मंदिरों में मौजूद पत्थर के साँपों की पूजा करते हैं। और किसी धर्म में साँपों के पूजने का विधान हो तो मुझे नहीं पत। मेरा ज्ञान सीमित है। पाठक इसे बढ़ा सकते हैं। हमारे यहां कहावत है - घर आए नाग न पूजिए, बामी पूजन जाय। अर्थात हम ढोंगी लोग हैं। हमें अपने सनातनी होने पर फिर भी गर्व है। हम सांप पूजते रहेंगे। सभी तरह के सांप पूजे जायेंगे। चाहे वे बिलों में रहते हों या आस्तीनों में। सांप खूबसूरत भी होते हैं किन्तु उन्हें इस वजह से ओलम्पिक खिलाड़ियों की तरह निष्कासित नहीं किया जाता, मार दिया जाता है या किसी संग्रहालय में कैद कर दिया जाता है। खूबसूरती पता नहीं अभिशाप कैसे बन गयी ? इतिश्री।

आप सभी को नाग पंचमी की शुभकामनायें। साँपों से बचें भी और साँपों को बचाएं भी।

## मनु ने लौटाया शूटिंग का स्वर्णिम दौर

**योगेश कुमार गोयल**

पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन भारत का प्रत्येक व्यक्ति ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद लगाए बैठा था और ये उम्मीदें टिकी थी भारत की ह्यमिरेकल गर्लह्व मनु भाकर पर। पूरी उम्मीद थी कि ह्यमिरेकल गर्लह्व मनु भाकर ओलंपिक में अपनी ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी करते हुए इस स्पर्धा में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में कामयाब हो सकती हैं लेकिन इस बार वह पदक जीतने से थोड़ा सा चूक गई और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 40 में से 28 शॉट्स लगाने के साथ चौथे स्थान पर रही और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने का उनका सपना भी अधूरा रह गया। दरअसल तीसरे और चौथे स्थान के शूटर के बराबर प्वाइंट थे। इसके बाद मनु और हंगरी की मेजर वेरोनिका के बीच शूटऑफ हुआ, जिसमें मनु केवल तीन निशाने ही लगा पाई जबकि हंगरी की शूटर ने चार बार टारगेट को हिट किया और उसी के साथ मनु पदक की रेस से बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन मनु का लक्ष्य ओलंपिक में एक नया इतिहास रचना था लेकिन वह पदक हासिल करने से मामूली सी पीछे रह गई। वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में हार के बाद मनु का कहना था कि उनके ऊपर इस इवेंट को लेकर काफी दबाव था। हालांकि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मिली इस हार के बावजूद भारत की इस इकलौती निशानेबाज ने वो खुशियां और गर्व के पल देश को दिए हैं, जिसकी ओलंपिक शुरू होने के समय तक शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। मनु ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक में तीन अलग-अलग शूटिंग स्पधाओं में हिस्सा लिया और तीनों में ही उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया। 3 अगस्त को जब मनु वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में खेलने उतरी तो हर नजर उन्हीं के प्रदर्शन पर केंद्रित थी। भले ही वह यह मुकाबला हार गई लेकिन कुल तीन शूटिंग स्पधाओं में से उन्होंने अपने जोश और जज्बे के साथ दो में कांस्य पदक जीतकर भारत में शूटिंग के सुनहरे दौर को वापस लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मनु की ही बदौलत भारत ने पहली बार शूटिंग में किसी एक ओलंपिक सीजन में तीन मेडल हासिल किए हैं। विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा में अनेक पदक जीतने के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर मनु ने ऐसा अविस्मरणीय इतिहास रचा, जो उनके अलावा ओलंपिक के 124 वर्षों के इतिहास में अब तक भारत का कोई भी अन्य एथलीट नहीं कर पाया। पेरिस ओलंपिक में मनु ने जिस तरह का जबरदस्त प्रदर्शन किया और अपने मैचों के दौरान जिस प्रकार का ह्यधाकड़ह्व खेल दिखाया, उसी के कारण उन्हें अब मनु भाकर के साथ-साथ ह्यमनु धाकड़ह्व भी कहा जाने लगा है। मनु से पहले कोई भी पुरुष या महिला एथलीट एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने में सफल नहीं हुआ है। देश की आजादी से बहुत पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 में आयोजित हुए ओलंपिक में 200 मीटर फरार्टा और 200 मीटर बाधा दौड़ में कुल दो रजत पदक जीतकर एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और उम्मीद थी कि मनु 124 साल पुराने उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकती हैं लेकिन ह्यमिरेकल गर्लह्व मनु भाकर की ओलंपिक में ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी नहीं हो पाई। हालांकि पहला कांस्य पदक जीतने के साथ ही वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गई थी और उस पदक के साथ ही मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 वर्ष के सूखे को भी खत्म किया था। मनु से पहले 2012 के लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में एक-एक पदक जीते थे। ओलंपिक के 124 वर्ष के इतिहास में मनु से पहले भारत को शूटिंग में केवल 4 पदक ही नसीब हुए थे। शूटिंग में 2004 के एथेंस ओलंपिक में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रजत पदक जीता था, उसके बाद 2008 के बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण पदक भारत के नाम किया और 2012 के लंदन ओलंपिक में विजय कुमार ने रजत और गगन नारंग ने कांस्य पदक जीता था। ओलंपिक में मनु ने अपना पहला पदक 28 जुलाई 2024 को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में जीता था। उस शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में पदक हासिल करने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी।

उसके बाद 30 जुलाई को मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता और उस जीत के साथ ही वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई थी। एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर वह सुशील कुमार और पीवी सिंधु को भी पीछे छोड़ चुकी हैं।

# बांग्लादेश: भारत के लिए रणनीतिक चुनौती



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

बांग्लादेश में हाल ही में हुई राजनीतिक उथल-पुथल ने भारत की क्षेत्रीय कूटनीति के लिए नई चुनौतियां और जटिलताएं ला दी हैं। नागरिक अशांति से जूझ रहे बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत खुद को एक ऐसे चौराहे पर खड़ा पाता है, जिससे उसे अपने कूटनीतिक रुख का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत है। ढाका के साथ राजनयिक संबंधों में भारत के समक्ष आने वाली चुनौतियां देखें तो वह विकट हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के अचानक समाप्त होने से ढाका में अप्रत्याशित राजनीति बदलाव तो तय था पर अब नीतिगत बदलाव भी होंगे। इससे द्विपक्षीय पहल प्रभावित हो सकती हैं। शेख हसीना सरकार के विरोध प्रदर्शनों में जमात-ए-इस्लामी जैसे इस्लामी समूहों की भागीदारी संभावित रूप से बांग्लादेशी राजनीति के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बदल सकती है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है और कट्टरपंथ के खिलाफ भारत के प्रयासों पर असर पड़ सकता है। कट्टरपंथी तत्वों के बढ़ते प्रभाव से सीमा पर कट्टरपंथी गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, जिससे भारत को और अधिक कड़े सुरक्षा उपाय करने की आवश्यकता होगी।

बांग्लादेश के साथ भारत के महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध खतरे में हैं । सीमा पार से व्यवधान और भारतीय निर्यातकों के लिए भुगतान में देरी, इन देशों की आर्थिक निर्भरता की संवेदनशीलता को दशार्ते हैं। उदाहरण के लिए हाल ही में कर्फ्यू और विरोध प्रदर्शनों के कारण पेट्रापोल-बेनापोल सीमा जैसे प्रमुख व्यापार मार्ग अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं , जिससे प्रतिदिन लाखों डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अब द्विपक्षीय व्यापार पटरी पर लौट रहा है। बांग्लादेश में पुराने राजनीतिक उथल-पुथल ने ऐतिहासिक रूप से शरणार्थी संकट को जन्म दिया है , विशेष रूप से 1971 के युद्ध के दौरान , जिसका भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर स्थायी प्रभाव पड़ा।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत समर्थक हैं, इसलिए उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश में चीनी बढ़त को आमंत्रित कर सकती है , जो भारत के प्रभाव को चुनौती दे सकती है। बांग्लादेश में बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीन की हालिया पहल को और गति मिल सकती है, जिससे भारत की रणनीतिक बढ़त कम हो सकती है ।गैर-हस्तक्षेप और अपने हितों की रक्षा करने की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाए रखने से क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ता और स्थिरता लाने वाले देश के रूप में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि दांव पर लग सकती है। बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अत्यधिक आक्रामक नीतियों या कथित हस्तक्षेप से अंतर्राष्ट्रीय आलोचना हो सकती है और वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति प्रभावित हो सकती है।

भारत को अपने हितों की रक्षा करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अंतरिम सरकार सहित बांग्लादेश में सभी राजनीतिक संस्थाओं के साथ संचार के खुले चैनल बनाए रखने चाहिए। स्थिरीकरण प्रयासों और लोकतांत्रिक बदलावों पर चर्चा करने के लिए प्रमुख बांग्लादेशी नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ कूटनीतिक वार्ता की मेजबानी करनी होगी। व्यापार प्रोत्साहन , सहायता और निवेश जैसे आर्थिक साधनों का उपयोग करके भारत को अपनी सॉफ्ट पॉवर का उपयोग करने और सत्तारूढ़ शासन के बावजूद अच्छे संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

बांग्लादेश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अनुकूल व्यापार समझौते या विकास सहायता को बढ़ाना चाहिए, जिससे आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।सुरक्षा सहयोग बढ़ाना, खुफिया जानकारी साझा करना तथा आतंकवाद और सीमा पार अपराधों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाना राजनीतिक अस्थिरता के परिणामों को प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए संयुक्त गश्त और खुफिया जानकारी साझा करने की पहल करना। सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करना ,स्थायी संबंधों के लिए आधार के रूप में काम कर सकता है, जिससे राजनीतिक और वैचारिक मतभेद कम हो सकते हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक उत्सवों और छात्र विनिमय कार्यक्रमों को बढ़ावा देना। सुरक्षा और विकास करने के लिए सार्क और बिम्सटेक जैसे मंचों के माध्यम से क्षेत्रीय सहमति बनाना, स्थिरता के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए।

# डीएम-एसपी-जनप्रतिनिधियों ने मनाया काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह टाउन हॉल कर्वी में मुख्य अतिथि/जिला पंचायत अध्यक्ष आशोक जाटव, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में मनाया।



समारोह में मौजूद अतिथिगण।

शुक्रवार को मुख्य अतिथियों/अधिकारियों ने नागरिकों व स्कूली बच्चों के साथ काकोरी के सीधा प्रसारण देखा। समारोह में मुख्यमंत्री के उद्बोधन को मौजूद लोगों ने सुना। जनप्रतिधियों व अधिकारियों ने दीप जलाकर जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह शुभारम्भ किया। इस मौके पर संस्कृति विभाग ने कलाकारों से देशभक्ति गीत प्रस्तुत कराये। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने देशभक्ति गीत का मुखडा गाया। समापन में बच्चों को मिष्ठान बांटकर राष्ट्रगान हुआ। शहीद परिवारों को सम्मानित किया। खासतौर से बुआराम शुक्ला एड, महेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश कुमार पुत्र स्व रघुवर दयाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को अंगवस्त्र/माला से सम्मानित किया। आयोजन क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर पर्यटन कार्यालय के लवकुश, दिनेश, संजय मौजूद रहे। कार्यक्रम में ईओ लालजी यादव, बीएसए बीके शर्मा मौजूद रहे। संचालन साकेत शुक्ला ने किया।

## सीओ सिटी ने काकोरी की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जीजीआईसी कर्वी में सीओ सिटी राजकमल व कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में सीओ सिटी ने छात्रों को काकोरी ट्रेन एक्शन बाबत विस्तार से बताया। शुक्रवार को शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय की छात्राओं ने देश भक्ति गीत सुनाये। देश भक्ति पर आधारित नाटक पेश किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य व सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष ने वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** शान्ती देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहाड़ी थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह, विशिष्ट अतिथि बीडीओ दिनेश मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना बाद विद्यालय प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। कक्षा आठ की छात्रा खुशी ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर विचार रखे।

कक्षा 11 छात्र अंबुज तिवारी ने काकोरी ट्रेन एक्शन की जानकारी देते हुए शहीद क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धांजलि दी। कक्षा दस के छात्र आशीष ने लोकगीत से काकोरी ट्रेन एक्शन की गाथा सुनाई। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह ने सभी वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। कम समय में कार्यक्रम की प्रस्तुति को सराहनीय बताया। प्रधानाचार्य व प्रबंधक तथा छात्र-छात्राओं को बधाई दी। अपील किया कि भारत का भविष्य हैं। माता-पिता का भरोसा न तोड़ना। विशिष्ट अतिथि/बीडीओ ने छात्र-छात्राओं से गौरवशाली इतिहास पढ़ने व जानने को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन प्रवक्ता श्रीमती गीता सिंह ने किया।

## वारंटी महिला को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय ने जालसाजी के वारंटी श्रीमती सुरसतिया पत्नी शिवशंकर उन्नाय बन्ना को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, दीवान आसाराम, महिला सिपाही दीक्षा यादव शामिल रहे।

## दो माह में बनेगा महिला घाट का पुलः विधायक

### सीएम करेंगे शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधायक मऊ/मानिकपुर ने निर्माणाधीन मऊ से महिला घाट पुल का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री के कर- कमलों से उद्घाटन की बात कही। दो माह में पुल बनकर तैयार होगा। शुक्रवार को विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महराज ने विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मसीहा बनकर खडे रहते हैं। क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मिलना दैनिक क्रिया है। विधायक ने बीते सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर क्षेत्र की समस्या को हल करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने निदान का भरोसा दिया है। क्षेत्र भ्रमण दौरान विधायक ने मऊ से महिला घाट पुल निर्माण देखा। पुल निर्माण ठेकेदार से बात की। निर्देश दिये कि निर्माण कार्य गुणवत्ता से हो। दो माह में कार्य पूरा करें। पुल का शुभारम्भ सूबे के मुख्यमंत्री करेंगे। पुल के चालू होने से चित्रकूट व कौशाम्बी की दूरी कम हो जाएगी। प्रदेश सरकार ने चित्रकूट को विशेष पैकेज देकर विकास गति में तेजी ला रही है।



ठेकेदार को निर्देश देते विधायक।

# काकोरी के शहीदों को किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में प्रबंधक सुंदरलाल सुमन की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि/एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ जयकरण सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ एस कुरील, हिंदी प्रवक्ता पूरन सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता स्वाती गुप्ता, अर्थशास्त्र प्रवक्ता राजनारायण सिंह आदि छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में जिन्होंने जीवन की परवाह बिना नौ अगस्त 1925 को अंग्रेजी हुकूमत का विरोध किया था।



त्याग-बलिदान को याद करते एसडीएम।

शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन ब्रिटिश हुकूमत ने ट्रेन डकैती नाम दिया था। ये घटना नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गांव में हुई थी। इस कार्यवाही को हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, राजेंद्र लाहिड़ी, केशव चक्रवर्ती, मुकुंदी लाल, बनवारी लाल समेत दस क्रांतिकारियों ने अंजाम दिया था। उन्हें फांसी की सजा हुई थी। अन्य को चार वर्ष से लेकर 14 वर्ष की सजा सुनाई थी। मुख्य अतिथि/एसडीएम मऊ, सीओ मऊ, प्रबंधक सुंदरलाल सुमन व प्रभारी प्राचार्य डॉ एस कुरील, छात्र दुर्गेश त्रिपाठी, मानसी मिश्रा ने विचार रखे। सभी शहीदों के त्याग-बलिदान को याद किया।

# जल संचय का ब्लाक प्रमुख ने दिखाया अभिनव प्रयोग

### ऐसे प्रयोग हों तो जिले के हर तालाब में रहेगा वर्ष भर पानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल संचय के अभिनव प्रयोग को मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्र ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार को दिखाया। उन्होंने बारिश के जल को वर्ष भर एकत्र करने के उपाय बताये।

ये उपाय पूरे जिले में किये जायें तो वर्ष भर जल संचयन कारगर साबित हो सकता है। शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्र ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार को भौंरी गांव के खखेरुआ तालाब का जल संचय दिखाया। यहां उन्होंने पडुई नदी में आठ लाख का चेकडैम बनाकर नदी के जल को आठ लाख रुपये खर्चकर बनवाये तालाब में जल धारा मोडी है। ये कार्य ब्लाक प्रमुख ने 15वें वित्त से किया है। जल संचय के अभिनव प्रयोग से वर्ष भर खखेरुआ तालाब में पानी रहने के आसार हैं। उन्होंने पडुई नदी की जलधारा को कुछ इस तरह से मोडा है कि तालाब लबालब भरा दिखाई दे रहा है। यहां उन्होंने यशोदा गौतम नामक युवक को तालाब में पानी भेजने को लगा रखा है। वह तालाब की ओर पानी भेजता दिखाई दिया।



तालाब में पानी के अभिनव प्रयोग को दिखाते ब्लाक प्रमुख।

जल संचय को ब्लाक प्रमुख की आगामी योजना है कि वन विभाग के सीमा क्षेत्र में पक्का निर्माण नहीं हो सकता। उन्होंने वन विभाग सीमा में 80 मीटर पाइप डालने की योजना बनाई है, ताकि पाइपों के सहारे पानी तालाब तक पहुंच सके। जल संचय का ये अभिनव प्रयोग देखकर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार दंग रह गये। उन्होंने कहा कि अटल भू-जल योजना से ऐसे ही तालाबों को पानी से लबालब भरने को योजना बनायेंगे।

## नगर पालिका खोह तालाब का करे सुन्दरीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका अपनी सीमा क्षेत्र में खोह गांव स्थित हाईवे के तालाब को ऐसी ही योजना से सुन्दर बना सकता है। खोह तालाब के बगल में पेट्रोल पम्प है। पेट्रोल पम्प नियमावली अनुसार सामने नाला होना चाहिए। ऐसे में पेट्रोल पम्प के सामने नाले को मोडकर तालाब तक ले जाने पर खोह तालाब का बेहतरीन सुन्दरीकरण हो सकता है। ये सुन्दरीकरण नगर पालिका के रानीपुर भट्ट तालाब से कहीं अधिक सुन्दर तालाब साबित हो सकता है। बशर्ते तालाब में नाले का पानी पहुंचाने की जरूरत है। ऐसा करने से तालाब में वर्ष भर पानी बना रहेगा।

## एसपी ने परेड में जांचा टर्न आउट



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी/कर्मचारियों का टर्न आउट जांचा। परेड ग्राउंड में मौजूद टोलियों की ड्रिल देखी। सुधार के निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को दिये। इस मौके पर सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## सीतापुर टीम ने कबड्डी में सुषमा स्वरूप को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हर घर तिरंगा 2024 व काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत स्पोर्टस स्टेडियम चित्रकूट में जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में सीतापुर टीम ने सुषमा स्वरूप इंटर कॉलेज को 20 के मुकाबले 30 अंकों से पराजित किया। शुक्रवार को अंकित साहू व जावेद अहमद का खेल सराहनीय रहा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व सांसद/ राष्ट्रीय बास्केट बाल खिलाड़ी आरके सिंह पटेल व डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने पुरस्कार वितरित किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता में निर्णायक खेल अनुदेशक श्रीकृष्ण व कामता प्रसाद ने निभाई। जिला युवा कल्याण अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, श्याम सुंदर, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन ने सहयोग किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने खिलाड़ियों व मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया।

## डीएफओ ने किया पौधरोपण

**चित्रकूट।** प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर कर्वी रेंज के मटदर वन ब्लॉक में सिलेंद्र तालाब किनारे शहीद क्रान्तिकारियों को नमन कर जनप्रतिनिधि व स्कूली बच्चों के साथ स्मृति उपवन में पौधरोपण किया।

## मृतक आश्रित पर नियुक्त उदयभान यादव का तांडव

### 12 साल से एक ही पद व तहसील में कैसे बना है?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ तहसील के चकभडेसर गांव के उदयभान सिंह पुत्र रामखेलावन सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि तहसील मानिकपुर में संग्रह अमीन उदयभान यादव एसडीएम मानिकपुर के स्टेनो का कार्य 2012 से देख रहा है। अनुकम्पा नियुक्ति से वह एसडीएम के स्टेनो पद पर बना है। शुक्रवार को चकभडेसर के उदयभान सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि एसडीएम के स्टेनो पद पर रहते हुए उदयभान यादव अपने रिश्तेदारों से लोगों की जमीनों पर कब्जा कराकर अच्छी कीमत में बेंच रहा है। इसका मूल निवास अरवारा तहसील मानिकपुर है। परिवार ऐलहा बढैया में रहता है। ननिहाल छेरिहाखुर्द में है। उदयभान के लगातार 12 वर्षों से एक ही तहसील में कार्य करने पर लोगों ने सवाल उठाये हैं। लोगों ने कहा कि आकांक्षी जिले में तीन वर्ष से ज्यादा किसी कर्मचारी को रहने की इजाजत नहीं है, फिर ये 12 वर्ष से कैसे एक ही तहसील व पद पर कैसे बना है। उन्होंने उदयभान यादव को एसडीएम स्टेनो पद से हटाते हुए अन्य तहसील में संग्रह अमीन पद पर भेजने की मांग की है।

## भीम आर्मी से जुड़ें ज्यादा लोगः संजय गौतम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने मानिकपुर समेत मऊ क्षेत्र के मऊ, गढ़वा, गंजरी, चंदई, पूरब पताई में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। संगठन की विचारधारा अनुसार काम करने वाले लोगों को सदस्य बनाकर जिले में बुनियादी स्तर पर संगठन मजबूत किया जाएगा। इन्हीं सदस्यों में जिला पदाधिकारियों का चयन होगा। सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान पर ध्यान दें। भीम आर्मी गरीबों, समाज के कमजोर तबके, देश की बहन-बेटियों की आवाज को मुखर होकर उठाता है। आर्मी संस्थापक सांसद चंद्रशेखर आजाद कम समय में पूरे देश में अलग पहचान बनाई है। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सदन में दलितों व महिलाओं के मुद्दे बेबाकी से उठाते हैं। जल्द जिले में भीम आर्मी टीम लोगों को नजर आएगी। ग्रामीण स्तर पर लोगों की समस्यायें- घटनाओं की जानकारी दी जाती हैं। कार्यकर्ता जिला मुख्यालय आयें, ताकि समस्याओं से छुटकारा दिलाया जा सके। इस मौके पर राधेश्याम प्रजापति, अर्जुन सविता, सुनील अंबेडकर, राजू, अजय कुमार, राजन कुमार एड, रामकमल, राधेश्याम गौतम, सतेन्द्र गौतम, राहुल कुमार, शंकरलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों का शोषण-उत्पीडन नहीं होगा बर्दाश्तः शानू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने खोही बाजार में व्यापारियों की बैठक में सदस्यता ग्रहण सम्मान समारोह बाद वृक्षारोपण किया।

शुक्रवार को बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता का व्यापारियों ने स्वागत किया। खोही बाजार जलेबी वाली गली में व्यापारियों ने बैठक कर कामदगिरि पर्वत में नवग्रह वाटिका लगाई। मलयागिरी चंदन, पीपल, बरगद, पाकड़, समी, आम आदि नवग्रह वाटिका के पौधे रोपित किये। उद्योग व्यापार संगठन खोही बाजार अध्यक्ष गंगा प्रसाद केसरवानी व महामंत्री संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय मोदनवाल आदि पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत कर समस्यायें बताई। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने खोही बाजार बैठक में आधा सैकड़ा व्यापारियों को संगठन से जारी सदस्यता आईडी कार्ड/प्रमाण पत्र बांटे। सभी को सक्रिय/वार्षिक सदस्यता दिलाई। व्यापारियों ने शोषण-उत्पीड़न से जुड़ी समस्यायें रखी। शानू गुप्ता ने कहा कि जिले का इतिहास है कि व्यापारियों का शोषण-उत्पीड़न करने वालों को बख्शा नहीं गया। भाजपा की मोदी-योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। व्यापारियों का शोषण-उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। प्रदेश के कई जिलों में व्यापारियों की समस्यायें शोषण-उत्पीड़न करने वालों की सूची केंद्रीय कार्यालय/जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। मंडल मंत्री विनोद आर्या, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, युवा उपाध्यक्ष सीताराम श्रीवास्तव ने विचार रखे। इस मौके पर कृष्णा केसरवानी, दिनेश कुमार गुप्ता, लाला केसरवानी, प्रांशु, विदित कुमार, लोकनाथ केसरवानी, विदित कुमार, राकेश कुमार, बलराम गुप्ता, प्रकाश नारायण गर्ग, केशव त्रिपाठी, अरविन्द केसरवानी, कामता प्रसाद, विजय कुमार, छेटेलाल, संजीव मोदनवाल, शारदा प्रसाद, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र देते शानू गुप्ता।

## आरएसएस जाने वालों की भर्ती कर घोल रहे साम्प्रदायिकता का जहरः का अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा ने राष्ट्रीय आवाहन पर कैम्प कार्यालय से पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओ ने का अमित यादव एड की अगुवई में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। का सुशील सिंह की अध्यक्षता में सभा हुई। सभा में का अमित यादव ने कहा कि देश में साम्प्रदायिक शक्तियां हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई की एकता को तोड़ने का काम कर रही हैं। आग देने का कार्य बीजेपी व नेता कर रहे हैं। देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जूझ रहा है। शुक्रवार को का अमित यादव ने कहा कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियां व कारपोरेट घरानों को भाजपा सरकार ने टैक्स मुक्त कर जनता पर टैक्स लगाया है। मूलभूत सुविधाओं को नजर अंदाज कर कारपोरेट जगत को खुली छूट दी है। सरकार किसानों से एमएसपी कानून बनाने में वायदा खिलाफी कर रही है। सूबे में बुलडोजर जैसी शर्मनाक कार्यवाही लोकतंत्र व न्याय प्रणाली को ठेंगा दिखाकर कानून व्यवस्था व संविधान को तार-तार किया जा रहा है। दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, आम जनता पर जुल्म हो रहा है। जान-बूझकर जातीय जनगणना सरकार नहीं करा रही। सरकारी नौकरियों में आरएसएस में जाने वालों की भर्ती कर पीएम साम्प्रदायिकता का जहर घोल रहे हैं, इसे रद्द किया जाये। सभा बाद राष्ट्रपति सम्बोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह को सौंपा।





प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपते भाकपाई।

प्रदर्शन व ज्ञापन में का रेवतीरमण, हनुमान, संजय प्रधान, रामस्वरूप, ब्रजभूषण, बुद्धविलास, धर्मेंद्र, देवी प्रसाद, शिवचरन, प्रद्युम्न सिंह, हीरालाल निषाद, अजय सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, अवधेश यादव, भूरा आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी का किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



गोष्ठी में मौजूद कांग्रेसी।

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में नौ अगस्त क्रांति दिवस बतौर मनाया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व रामशरण गर्ग ऐंचवारा के परिजनों व पुत्र वरिष्ठ कांग्रेसी बुआराम शुक्ला एड के आवास जाकर माला पहनाकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने नौ अगस्त क्रान्ति 1857 विद्रोह बाबत जानकारी दी। भारत में राष्ट्रीयता का उदय 1885 में कांग्रेस स्थापना के साथ संगठित रूप देने के प्रयास से शुरू हुआ। महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद कांग्रेस आम जनता की ओर अग्रसर हुई। देश में गांधी युग की शुरुआत हुई। महात्मा गांधी ने तीन राष्ट्रीय आंदोलन किये थे। कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई है। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा को कांग्रेस संघर्ष कर रही है। महात्मा गांधी, पं नेहरू, सरदार पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, सुभाष चंद्र बोस देश के तमाम नौजवान साथियों ने देश की आजादी को खुशी-खुशी फांसी पर चढ़े थे। नौ अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। गोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, ओमप्रकाश शुक्ला, जिला सेवादल अध्यक्ष चुनबाद प्रसाद, राज नारायण निषाद, महेंद्र निषाद, अजीत मिश्रा, हरिओम पांडे आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने बताई काकोरी दास्तान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** काकोरी ट्रेन एक्शन शौर्य दिवस शताब्दी महोत्सव वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता व बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय की मौजदगी में तुलसी इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने देश भक्ति गीत व काकोरी ट्रेन लूट कांड नाटक पेश किया।

शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि/एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आजादी के क्रांतिवीरों ने प्राणों को न्योछावर कर भारत माता को दास्ता की बेड़ियों से मुक्त कराने में जाति-पाति धर्म नही देखा। 1919 में जलियाबाग कांड में हर जाति के लोग बलिदान हुए थे। 1920 में महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन में भारी तादाद में क्रांतिकारियों ने देश को आजाद कराने को आंदोलन से जुड़े रहे। 1922 में चौरी-चौरा के बाद आंदोलन वापस लेना पड़ा। भारत की आजादी की चिंगारी 1857 में भड़क उठी। वह ज्वाला बनकर 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी शासकों को जलाकर स्वाधीनता दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने अतिथियों का आभार जताते हुए क्रांतिकारियों को नमन किया। अंत में अतिथियों ने वृक्षारोपण किया।



राजापुर में मौजूद एसपी आदि।

# मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर मेला में पहलवानों को किया पुरस्कृत

**गोरखपुर/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने का माध्यम तो है ही, सरकार की खेल और खिलाड़ियों के हित में बनाई गई नीति से यह भविष्य संवारने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सरकार यूपी पुलिस के साथ ही अन्य सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर नौकरी दे रही है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के हित में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर रही है तो साथ ही खिलाड़ियों को पुरस्कार, नियुक्ति और भरपूर आर्थिक सहायता देकर उन्हें प्रोत्साहित भी कर रही है।मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर के मेला परिसर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। हमारे खिलाड़ी खेल को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर संभव मदद देकर खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने पेरिस ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रजत पदक जीतकर और हॉकी टीम ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि की 2020 के टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली हॉकी टीम का यूपी सरकार ने लखनऊ में सम्मान किया था। हॉकी टीम के ओलंपिक खिलाड़ी, यूपी के ललित उपाध्याय को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी पद पर नियुक्ति दी गई है। ललित कुमार ने इस बार भी ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है। जबकि यूपी के ही खिलाड़ी राजकुमार ने पदक के मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन से स्पेन को हराने में महत्वपूर्ण



योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को यूपी में सम्मानजनक सरकारी नौकरी दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी दीप्ति शर्मा, एथलेटिक्स में पारुल चौधरी और कबड्डी में अर्जुन देशवाल को डिप्टी एसपी, कुश्ती में दिव्या काकरान और जुडो में विजय कुमार को नायब तहसीलदार, नौकायन में पुनीत कुमार, एथलेटिक्स में प्राची को जिला युवा कल्याण अधिकारी और अर्जुन को परिवहन विभाग में यात्री एवं माल कर अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश केसरी, उत्तर प्रदेश कुमार व उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु खिताब के लिए फाइनल मुकाबला देखा। इस दौरान उन्होंने पहलवानों के बेहतरीन दांव पर ताली बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब जीतने वाले गौतमबुद्ध नगर के जोंटी कुमार को 1.01 लाख रुपये, गदा व प्रमाण पत्र, उप विजेता मेरठ के अभिषेक को 51 हजार रुपये व प्रमाण पत्र, उत्तर प्रदेश कुमार का खिताब जीतने वाले यूपी पुलिस के आयुष को 51 हजार रुपये, गदा व प्रमाण पत्र, उप विजेता गोरखपुर के रमन को 25 हजार रुपये व प्रमाण पत्र, वीर अभिमन्यु खिताब जीतने वाले कृष्णानगर के जनार्दन को 51 हजार रुपये, गदा व प्रमाण पत्र और उप विजेता सनीस खोखर को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया।

## दिवंगत अधिवक्ता के आवास पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ता गोलोक नारायण सेवक पांडेय और अभिषेक सिंह के आवास पर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बेतियाहाता निवासी और जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व, आयुक्त कार्यालय) निकेत नारायण सेवक पांडेय के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता गोलोक नारायण सेवक पांडेय का विगत दिनों निधन हो गया था। नागपंचमी पर गोरखनाथ मंदिर के मेला परिसर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में सम्मिलित होने के साथ सीएम योगी निकेत नारायण सेवक पांडेय के आवास पर पहुंचे और उनके दिवंगत पिता के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ परिजनों को ढांढस बंधाया।
इसके बाद मुख्यमंत्री योगी वहां से गोरखनाथ क्षेत्र के पचपेड़वा निवासी हरमोहन सिंह के आवास पर गए। हरमोहन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने अभिषेक सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिजनों से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

## उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का अवकाश स्वीकृत नहीं



**मुरादाबाद/ब्यूरो।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दूबे ने शुक्रवार को बताया कि 23 अगस्त से 31 अगस्त तक होने वाली उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का अवकाश स्वीकृत नहीं होगा। इस परीक्षा हेतु जिले में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पर्यवेक्षकों ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण शुरू कर दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आगे कहा कि उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु जनपद में बनाए गए सभी 26 परीक्षा केंद्रों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। डीआईओएस ने आगे बताया कि यह परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को आयोजित होने जा रही है।

## खतरे के निशान से 45 सेमी. ऊपर पहुंची घाघरा नदी, बाढ़ से कई गांव प्रभावित



**बाराबंकी/ब्यूरो।** जनपद में घाघरा नदी (सरयू) खतरे के निशान से 45 सेमी. ऊपर बह रही है। नदी के बढ़े जलस्तर से आसपास गांवों के ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी भरने से कुछ लोग बांध पर तो कुछ लोग घरों में ही छत पर रहने को मजबूर है। घाघरा नदी का शुक्रवार को जल स्तर 106.526 सेमी दर्ज किया गया, जो खतरे से 45 सेमी. ऊपर है। नदी इसी जल स्तर पर बाँध के किनारे तक आ गई है। कुसौरा में कटान थमी है क्योंकि पानी बंध से किनारे तक फैला हुआ है। नदी घटी तो कटान तेज होगी यह जानकर बाढ़ कार्य खंड के अधिकारी कटान रोकने के लिए एलर्ट हैं। अधिशाषी अभियंता एसके सिंह ने बांध पर पहुंचकर कार्य की निगरानी कर अवर अभियंताओं को दिशा निर्देश दिए। वहीं, तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने हेतमापुर बांध जाकर बाढ़ इलाके का हाल लिया और लेखपालों को सतर्कता बरतने को कहा है। एक माह से रामनगर तहसील के घाघरा नदी किनारे बसे गाँवों का जनजीवन नदी के घटने बढ़ने पर चल रहा है। नदी के बढ़ने की सूचना जैसे उनको मिलती है तो बाढ़ की चिंता सताने लगती और घटने पर कटान का डर। बबुरी गाँव कटान से खत्म ही हो गया है उसके आगे भी कटान हुई है। केदारीपुर की तरफ नदी ने यदि काटा तो बांध को भी खतरा पैदा करेगी। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जो लोग बाँध पर है उनको भोजन दिया गया है। बबुरी गाँव के कटान पीड़ितों में 30 लोगों को एक लाख बीस हजार के हिसाब से धन राशि खातों मे आ गई है। बाईस पीड़ितों को राहत पोर्टल पर फीड कराई गई है, उनकी धनराशि भी आ जाएगी। पन्नी,मच्छरदानी व राहत सामग्री भी दी गई है।

## नगर विकास राज्य मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद शहीदों को किया नमन



**जालौन/ब्यूरो।** जनपद में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में अमर शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया और शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद शहीदों को नमन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार नगरीय व्यवस्था की स्थिति को सुधारने में लगी हुई है। गरीबों का उत्थान करने में लगी है, जिनके पास नगर में आवास नहीं है। उनको आवास दिया जा रहा है। रोजगार के लिए रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक मदद की जा रही है। इस तरह से तमाम कार्य किया जा रहे हैं। हमारे देश की आजादी में तमाम क्रांतिकारियों ने शहादत दी थीं, तब जाकर आजादी मिली थी।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर शहीदों की याद में लगाए पौधे



**औरैया/ब्यूरो।** काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी पर शुक्रवार को जनपद के अधिकारियों ने बैटल ऑफ बीझलपुर के शहीदों को याद किया। अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शहीदों की याद में पौधारोपण किया। बीहड़ पट्टी के बीझलपुर स्थित बैटल ऑफ बीझलपुर स्मारक पर शुक्रवार को सीडीओ रामसुमेर गौतम, बीडीओ करुणापति मिश्रा, पीडी सत्यम परमार, वन विभाग के राजकुमार, पवन यादव, थानाध्यक्ष विनोद कुमार व प्रधान श्याम सिंह ने पुष्प अर्पित किए। परिसर में शहीदों की याद में पौधारोपण किया। इसके बाद बैटल ऑफ बीझलपुर में शहीद हुए पांच सगे भाइयों की याद में मौजूद नीम के पेड़ पर कैंडल लगाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ग्रामीण मौजूद रहे।

## एससी–एसटी वर्ग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर सरकार संविधान संशोधन बिल लाए – मायावती



**लखनऊ/ब्यूरो।** एससी–एसटी वर्ग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को संविधान संशोधन के जरिए निष्प्रभावी करने की मांग बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने की है।
मायावती ने सोशल मीडिया के एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुक्रवार को उनसे भेंट करने गए भाजपा के एससी–एसटी सांसदों को यह आश्वासन देना कि एससी–एसटी वर्ग में क्रीमी लेयर को लागू नहीं करने तथा एससी-एसटी के आरक्षण में कोई उप-वर्गीकरण भी नहीं करने की उनकी माँगों पर गौर किया जाएगा, यह उचित व ऐसा किए जाने पर इसका स्वागत।
किन्तु अच्छा होता कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के समक्ष बहस में केन्द्र सरकार की तरफ से एटार्नी जनरल द्वारा आरक्षण को लेकर एससी व एसटी में क्रीमी लेयर लागू करना तथा इनका उप-वर्गीकरण किये जाने के पक्ष में दलील नहीं रखी गयी होती, तो शायद यह निर्णय नहीं आता।
सुप्रीम कोर्ट के एक अगस्त के निर्णय को संविधान संशोधन के जरिए जब तक निष्प्रभावी नहीं किया जाता तब तक राज्य सरकारें अपनी राजनीति के तहत वहाँ इस निर्णय का इस्तेमाल कर-के एससी–एसटी वर्ग का उप-वर्गीकरण व क्रीमी लेयर को लागू कर सकती हैं। अतः संविधान संशोधन बिल इसी सत्र में लाया जाए।

## भूजल दोहन की रोकथाम के लिए किसानों को जल संरक्षण और नवीन तकनीकी के बारे में दें जानकारी : मुख्य सचिव

**लखनऊ/ब्यूरो।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्वच्छ जल स्वच्छ भारत पर एक दिवसीय वर्कशाप में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने कहा कि हम सभी के लिए जल अति महत्वपूर्ण है। भूजल का सर्वाधिक उपयोग कृषि कार्य में होता है। दुनिया में 10 प्रतिशत, भारत में 45 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 75 प्रतिशत भूजल का उपयोग कृषि कार्य में होता है। उत्तर प्रदेश कृषि क्षेत्र में पावरहाउस के रुप में काम करता है। पिछले कुछ सालों में प्रदेश में धान का रकबा बढ़ने से भूजल का दोहन और बढ़ गया है।
उन्होंने पानी के कुशल उपयोग और पानी के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डेटा को कार्रवाई में बदलने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया।
उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति किसानों को जागरुक करना होगा और उन्हें नवीनतम तकनीकी के बारे में बताना होगा। उन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए




कहा कि इजरायल में 300 मिलीलीटर रेनफॉल होता है और वहां पर पानी की भारी किल्लत है। वहां पर खेती ग्रीन हाउस और शेड में होती है। खेती के दौरान वहां पर मीठे और खारे पानी को मिश्रित रूप में इस्तेमाल किया जाता है। विकसित देश जल को लेकर सचेत रहते हैं।
उन्होंने कहा कि आमजन तक स्वच्छ जल पहुंचे, यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। आगरा में वर्ल्ड क्लास परियोजना बनाकर जल को ट्रीट करके सप्लाई किया जा रहा है।
डिजिटलीकरण शहरी स्तर पर पेयजल संचालन में आमूलचूल परिवर्तन लाने में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला से शहरी जल प्रबंधन के डिजिटलीकरण एवं डाटा संग्रह की उपयोगिता से जल संसाधनों को कुशलतापूर्वक और स्थायी रूप से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी।
प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने शहरी क्षेत्रों में अभिनव और दीर्घकालिक जल प्रबंधन प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया।
उन्होंने बढ़ती शहरी आबादी के साथ पेयजल को लेकर चुनौतियाँ भी बढ़ रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया और अमृत 2.0 अब जल आपूर्ति कवरेज और जल उपयोग दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बढ़ती आबादी की मांगों को पूरा करने में शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता सीमित है, इसलिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप इस अंतर को समाप्त में एक प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं और स्थानीय स्तर पर प्रभावी निगरानी और कुशल सेवा वितरण में स्थानीय निकायों को सहायता प्रदान कर सकते हैं।

## समाजवादी मजदूर सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**बरेली/ब्यूरो।** समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष यशवीर यादव व महानगर अध्यक्ष अशफाक चौधरी के नेतृत्व में आज पदाधिकारी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चौकी चौराहा स्थित सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में जमा हुए और 17 सूत्रीय मांगों वाले ज्ञापन के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। यशवीर सिंह ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से मजदूर सभा की मांग है कि कारखाना अधिनियम 2024 वापस होना चाहिए, काम के घंटे पहले की तरह 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे होना चाहिए, न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड का गठनहोना चाहिए, उत्तर प्रदेश बोनस अधिनियम संशोधन 2024 वापस होना चाहिए, ऑटो ट्रांसपोर्ट वर्कर्स 1 जुलाई 2024 से लागू हिट एंड रन कानून से जीवन पर संकट बना रहेगा, न्यूनतम वेतन कम से कम 26000 रुपए प्रतिमाह होना चाहिए और इसे सभी के लिए लागू होना चाहिए, रोजगार सृजन के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए, मजदूरों के लिए बेहतर इलाज व चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था होनी चाहिए।

## काकोरी की घटना ने ब्रिटिश सरकार की हिला दी थी नींव : नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी'

**कानपुर/ब्यूरो।** निरंकुश ब्रिटिश सत्ता को चेतावनी देने एवं धन एकत्र करने के निमित्त स्वतंत्रता सेनानियों ने पहली बड़ी कार्यवाही काकोरी में की। सरकारी खजाना हासिल करने की यह घटना काकोरी घटना के नाम से प्रसिद्ध है। इस घटना ने ब्रिटिश सरकार की नींव हिला दी। प्रतिक्रियास्वरूप ब्रिटिश सरकार ने व्यापक स्तर पर गिरफ्तारियां की तथा प्रारम्भिक जांच के उपरान्त क्रान्तिकारियों पर मुकदमा चलाया गया। अंग्रेजी सरकार काकोरी के क्रांतिकारियों से इतना खौफ खा चुकी थी कि उसने क्रांतिकारियों को प्रदेश के अलग-अलग जेलों में रखा।
यह बातें शुक्रवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी ने कही।
काकोरी ट्रेन घटना की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का



जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नानाराव पेशवा स्मारक पार्क बिठूर में किया गया।
कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित अनेक ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी की घटना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आजादी के दीवाने क्रान्तिकारी नवयुवक भारतमाता को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए कटिबद्ध थे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शहीद पं० रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अश्फाक उल्ला खां, शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी आदि क्रान्तिकारी युवकों ने एक अखिल भारतीय सम्मेलन के बाद अक्टूबर, 1924 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की। इसका उद्देश्य सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता को उखाड़ फेंकना और एक संघीय गणतंत्र संयुक्त राज्य भारत की स्थापना करना था।

## दस वर्षों में दोगुना से ज्यादा बढ़ी बिजली सप्लाई, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत का खस्ताहाल

**लखनऊ/ब्यूरो।** एक तरफ प्रदेश जहां सर्वाधिक बिजली खपत व सप्लाई करने वाला बन गया है। वहीं दूसरी तरफ आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कम बिजली सप्लाई



करने वाले प्रदेशों में भी इसकी गिनती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान में धान की सिंचाई के लिए जहां किसानों को अधिक बिजली चाहिए, वहीं उन्हें 16 घंटे तक भी बिजली नहीं मिल पा रही है। अभी छह अगस्त प्रदेश में अधिकतम मांग 27966 मेगावाट था। वहीं 22728 मेगावाट मांग के साथ महाराष्ट्र दूसरे नम्बर पर आ गया, जबकि गुजरात में 16883 मेगावाट की अधिकतम मांग थी। 2013- 2014 में प्रदेश में जहां अधिकतम लोड 12327 मेगावाट था। वहीं 2024 में यह दोगुना से भी अधिक बढ़कर 30618 (सात अगस्त को) मेगावाट हो गया। 2023-24 में यह 28284 मेगावाट था। 2022-23 में 26589 मेगावाट अधिकतम मांग रही। वहीं दूसरी तरफ देखा जाय तो उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां पर ग्रामीण क्षेत्र में इन दोनों वित्तीय वर्ष में केवल 17 घण्टे 30 मिनट से 18 घंटे 10 मिनट के बीच बिजली दी जा रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## खुशखबरी:15 करोड़ की लागत से बनेगा बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट,शासन से मिली स्वीकृति

**गाजियाबाद/ब्यूरो।** गाजियाबाद के निवासियों के लिये अच्छी खबर है। बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट को लेकर पिछले कई वर्षों से से स्वीकृति के लिए चल रही कोशिश कामयाब हो गयी है। प्रदेश शासन ने बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट विकसित करने के लिए स्वीकृति दे दी है। शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि लगभग 15 करोड़ की लागत से महामाया स्टेडियम के पीछे लगभग 60 एकड़ में बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जाएगा। जो लगभग 38 सुविधाओं से युक्त होगा बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में आधुनिक जंगल बनाने की रूपरेखा बनाई जा रही है जिसमें पूरे पार्क को आधुनिक प्रक्रिया से व्यवस्थित किया जाएगा, नाले के पानी का ट्रीटमेंट होकर पौधों के उपयोगी बनाया जाएगा, बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट मे रिसर्च सेंटर भी बनाया जाएगा।
नगर आयुक्त ने बताया कि बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट को पूर्ण रूप से टेक्निकल पर आधारित बनाया जाएगा जो शहर को एक ऑक्सीजन प्लांट के रूप में बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट सफल रहेगा' उन्होंने बताया कि विशाल बायोडायवर्सिटी



फॉरेस्ट में लगभग 400 से 450 प्रजातियां पौधों की लगाई जाएंगी जिसमें जलीय पौधे कैक्टस क्लैमर आदि कई तरह के पेड़ औषधियां एवं जड़ी बूटियां बांस आर्किड एवं साइकस की प्रजातियां भी लगाई जाएंगी, फॉरेस्ट में अन्य आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ साथ वहां होने वाला कूड़ा कचरा को ग्रीनमाउंट में तब्दील किया जाएगा तथा वहां पर रिसर्च सेंटर का भी प्रबंध किया गया है। जिसमें लोग जैव विविधता के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज ने बताया कि पौधों की सिंचाई के लिए सीवेज वाटर को साइट पर ही साफ कर किया जाएगा इस्तेमाल किया जाएगा।
गाजियाबाद एवं आसपास के शहर के लोग उठा पाएंगे तथा दूर दराज से आने वाली यात्री भी इस आकर्षक पार्क का हिस्सा बनेंगे। गाजियाबाद के अलावा भी अन्य प्रदेशों में भी इसकी प्रसिद्धि रहेगी। इस प्रकार की योजना के तहत पार्क में निर्माण कार्य कराए जाएंगे।